आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अख़बार · 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 9- ● जबलपुर ● बुधवार, 9 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## आज धरती से टकरा सकता है सौर विस्फोट

नई दिल्ली । बुधवार और गुरुवार को धरती से एक और नए खतरे का सामना करना पड़ेगा। आज नया सूर्य विस्फोट पृथ्वी से टकराने की तैयारी में है। इससे बुधवार व गुरुवार को भू-चुंबकीय तूफान आने की आशंका है। इससे एक सप्ताह पहले भी ऐसा ही तूफान आया था, जिसका कोई बड़ा असर सामने नहीं आया है।
इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एज्युकेशन एंड रिसर्च के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पेस साइंसेस ने सोलर इरप्शंस व भू-चुंबकीय तूफान के बारे में ट्वीट कर जानकारी दी है। सीईएसएस के अनुसार 6 फरवरी को सूर्य के दक्षिणी हिस्से में एक फिलामेंट विस्फोट देखा गया था। इस सौर विस्फोट को सोलर हेलिओस्फेरिक आब्जर्वेटरी मिशन के लार्ज एंगल एंड स्पेक्ट्रोमेट्रिक कोरोनाग्राफ ने रेकॉर्ड किया था। एसओएचओ नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का साझा मिशन है। सूरज का अध्ययन करने के लिए इस मिशन की स्थापना 1995 में की गई थी। सीईएसएस ने ट्वीट में कहा है कि पृथ्वी को 9 फरवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 11.18 बजे से लेकर 10 फरवरी की दोपहर 3.23 बजे तक मध्यम स्तर के भू-चुंबकीय तूफान का सामना करना पड़ सकता है। इसकी क्षमता 451-615 किलोमीटर प्रति सेकंड हो सकती है। इसका असर बहुत खतरनाक होने की संभावना नहीं है। सौर तूफान के कारण भू-चुंबकीय गतिविधि बढ़ सकती है।

### भू-चुंबकीय तूफान की आशंका

### संचार तंत्र, प्रसारण में हो सकती है दिक्कत

भू चुंबकीय तूफान के कारण संचार तंत्र, प्रसारण, रेडियो नेटवर्क, नेविगेशन आदि में दिक्कत आ सकती है। धरती पर सौर तूफान का सबसे भयावह रूप मार्च, 1989 में देखने को मिला था, तब सौर तूफान की वजह से कनाडा के हाइड्रो-क्यूबेक इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन सिस्टम 9 घंटे के लिए ब्लैक आउट हो गया था।

### क्या होते हैं भू-चुंबकीय तूफान

भू-चुंबकीय तूफान के कारण पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में बड़ा बदलाव आता है।



## मंगल ग्रह पर दिखा एक फीट का एलियन?

**नई दिल्ली।** मंगल ग्रह पर दिखा एक फीट का एलियन? एक्सपर्ट ने किया चौंकाने वाला खुलासा वैज्ञानिक मंगल ग्रह जीवन की खोज कर रहे हैं। नासा के रिसर्च के लिए क्यूरियोसिटी रोवर को लाल ग्रह पर उतारा है। यह रोवर मंगल की फोटोज और जानकारियां लगातार भेज रहा है। वहीं एक यूएफओ एक्सपर्ट ने रोवर द्वारा भेजी गई तस्वीर पर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एक फोटो में एलियन दिखाई दे रहा है। दरअसल नासा के रोवर ने मंगल ग्रह से कुछ फोटोज भेजी थीं। यूएफओ एक्सपर्ट स्कॉट सी वरिंग ने दावा किया कि इनमें से एक फोटो में एलियन नजर आ रहा है। उन्होंने मंगल ग्रह पर 100त्न जीवन होने का दावा किया है। वरिंग ने कहा, च्लाल ग्रह पर रहने वाले हमसे अधिक बुद्धिमान हैं। उन्होंने तस्वीरों में कुछ जगहों को चिन्हित किया है ɉ दावा किया कि उसमें एक एलियन दिखाई दे रहा है।

## मप्र में नहीं लगेगा हिजाब पर प्रतिबंध: डॉ. नरोत्तम मिश्रा

### यह कर्नाटक राज्य का मामला है जो हाई कोर्ट में विचाराधीन है



**भोपाल, यश भारत।** हिजाब पर प्रतिबंध को लेकर प्रदेश सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। गृह मंत्री व सरकार के प्रवक्ता डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नही है।
मीडिया से चर्चा करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि हिजाब को लेकर भृम फैलाया जा रहा है जबकि सच्चाई यह है कि हिजाब पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव ही सरकार के पास विचाराधीन नही है।जब प्रस्ताव ही नहींहै तो हिजाब पर प्रतिबंध की बात ही बेमानी हो जाती है।गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा कि हिजाब का मामला कर्नाटक का है वहां भी यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है । कोर्ट के फैसले से पहले ही काँग्रेस इस मामले को तूल देकर फिर एक बार साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रही है।गृह मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज है और यहां की शांति भंग करने की किसी को इजाजत नहीं है जो भी यह प्रयास करेगा उसे उसकी सजा भुगतनी होगी। बता दें कि कर्नाटक में स्कूलों में हिजाब को लेकर चल रहे विवाद के बीच मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने मंगलवार को कहा था कि हिजाब ड्रेस का हिस्सा नहीं है, इसलिए इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश के स्कूलों में ड्रेस कोड लागू किया जाएगा, ताकि सभी स्कूली विद्यार्थियों में समानता की भावना सुनिश्चित की जा सके।उनके इस बयान के बाद प्रदेश में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया था।

## एक महिला का अधिकार है कि वह क्या पहनना चाहती है : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में जारी हिजाब विवाद में अब मलाला युसूफजई के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी कूद गई हैं। प्रियंका के बयान से यह विवाद और तूल पकड़ सकता है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को कहा कि महिलाएं बिकनी पहनें या हिजाब, यह उनकी पसंद है। इस मामले में किसी को सलाह देने का कोई अधिकार नहीं है। कर्नाटक के उडुपी कॉलेज से शुरू हुआ हिजाब विवाद अब तेजी से फैलता जा रहा है। इसे लेकर देश-विदेश से प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्बई ने बुधवार को बैठक बुलाई है, इसमें हिजाब विवाद पर विचार होगा। राज्य में तीन दिन के लिए स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा, चबिकनी पहनें, घूंघट पहनें, जींस पहनें या फिर हिजाब, यह महिलाओं का अधिकार है कि वह क्या पहनें और यह अधिकार उसे भारत के संविधान से मिला है। भारत का संविधान उसे कुछ भी पहनने की गारंटी देता है। इसलिए महिलाओं को प्रताड़ित करना बंद करें।

### मलाला ने की अपील, तालिबान ने यह कहा

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला ने महिलाओं को पढ़ने से वंचित नहीं करने की अपील की है। उधर, अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने भी इस पर अपनी राय प्रकट की है। तालिबान का कहना है कि अफगानिस्तान में महिलाओं को पर्दे में रहना होगा।

## राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का प्रेस काउंसलिंग को लेकर ट्वीट

### पहले परिषद दांतों के बिना थी, आज यह दांतहीन है

**जबलपुर, यशभारत।** कांग्रेस नेता राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने प्रेस काउंसिल इंडिया की व्यवस्थाओं को लेकर ट्वीट किया है। राज्यसभा सांसद ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि पहले परिषद दांतों के बिना थी, आज यह दांतहीन हो गई । नवंबर माह से अध्यक्ष पद खाली है। आश्चर्य है कि 21 नवंबर से प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष का पद खाली क्यों है। भारत एक कामकाजी प्रेस परिषद के बिना है संचालित हो रहा है।



**मीडिया में क्या हो रहा है कौन देख रहा है।** कांग्रेस नेता श्री तन्खा ने कहा कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया अध्यक्ष पद खाली है सवाल उठता है कि अब मीडिया में क्या हो रहा है यह देखने वाला कौन है।एक कामकाजी प्रेस परिषद का अध्यक्ष पद खाली होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देकर अध्यक्ष के खाली स्थान को भरना चाहिए।



## तुर्की में मिली अजीबोगरीब बकरी

**नई दिल्ली।** तुर्की में एक अजीबोगरीब बकरी का पता चला है। जिसकी आंखे खोपड़ी के बीच में है। बकरी के मालिक अहमत करताल ने कहा कि वो पिछले 25 सालों से जानवरों को पाल रहे हैं। लेकिन कभी ऐसा जानवर नहीं देखा। जिसकी आंखे उसके सिर के बीच हों। अहमत करताल ने कहा कि जब उसे पता चला कि एक बकरी पैदा हुई है, वो मौके पर पहुंच गया। लेकिन बकरी को देखकर हैरान रह गया। बकरी की आंखें खोपड़ी के बिल्कुल बीच में थीं। उन्होंने कहा कि बकरी को देखने के बाद ऐसा लगा कि साइक्लोप (ष्ट4ष्द्यशश्चह्य) है। जिसे ग्रीक की पौराणिक कथाओं में एक भयानक जानवर बताया गया है। बकरी के मालिक ने कहा कि जो भी इस अजीबोगरीर बकरी को देखता है, वो हक्का बक्का रह जाता है।

## नकली रेमडेसिविर

### इंदौर में रेमडेसिविर बताकर लगा दिए थे नमक व ग्लूकोज के इंजेक्शन

**इंदौर, ।** चर्चित नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन कांड में प्रवर्तन निदेशालयस (ईडी) ने दवा माफिया कौशल वोरा, पुनित शाह और अस्पताल संचालक सरबजीतसिंह मोखा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नकली दवा-इंजेक्शन बना कर सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर देश की पहली बड़ी कार्रवाई है। एजेंसी अस्पताल बंद करवाने की तैयारी में भी है।कोरोना की दूसरी लहर में विजय नगर थाना पुलिस ने नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन की खरीद फरोख्त करने वाले गिरोह के सदस्यों को पकड़ा था। जांच में पता चला इंजेक्शन का कारखाना गुजरात के मोरबी में होना पाया। यह भी पता चला कि दवा माफिया कौशल वोरा, पुनित शाह एक फार्म हाउस पर नकली इंजेक्शन बना कर सुनील मिश्रा (खंडवा रोड़) के माध्यम से इंदौर, भोपाल और जबलपुर में धड़ल्ले से इंजेक्शन की सप्लाई कर रहा था। नमक और ग्लोकोज से बने हजारों इंजेक्शन कोविड-19 से जूझ रहे मरीजों को लगा दिए गए थे। जबलपुर के अस्पताल संचालक सरबजीतसिंह मोखा तो खुद के अस्पताल में भर्ती मरीजों को नकली इंजेक्शन लगा रहा था। इस मामले में गुजरात, इंदौर, भोपाल व जबलपुर में केस दर्ज हुए। दो महीने पूर्व ईडी ने टीआइ तहजीब काजी से रिपोर्ट मांगी और दो दिन पूर्व मामले में केस दर्ज कर लिया। पुलिस को जांच में पता चला आरोपितों द्वारा जो इंजेक्शन बनाए वो एक ही बैच से थे। एक आरोपित ने इंजेक्शन बनाने के पहले मुंबई से रेमडेसिविर इंजेक्शन खरीदा और हूबहू रेपर व शीशी खरीदी।

**एक ही बैच से खुला जानलेवा इंजेक्शन का राज**

## ये इंडियन आर्मी है:पहाड़ों पर अब तक के सबसे खतरनाक ऑपरेशन को दिया अंजाम

### खड़ी खाई से युवक को जिंदा निकाल लाए



**नई दिल्ली ।** केरल के पलक्कड़ में पहाड़ियों में फंसे एक ट्रैकर को बचाने के लिए भारतीय सेना ने अब तक के सबसे कठिन ऑपरेशन को अंजाम दिया। करीब 48 घंटे के कठिन ऑपरेशन के बाद भारतीय सेना के जवान मलमपुझा की पहाड़ियों में फंसे युवक को सुरक्षित बचाने में कामियाब हो गए हैं। न्यूज एजेंसी की ओर से इसकी तस्वीरें भी साझा की गई हैं। इस ऑपरेशन के लिए सेना ने अपनी मद्रास रेजीमेंट और पैराशूट रेजीमेंट को उतारा था। सेना की ओर से बताया गया कि 23 साल का युवक आर बाबू ट्रैकिंग करने आया था, लेकिन वह मलमपुझा के पहाड़ों में बनी खड़ी खाई में गिर गया और उसमें ही फंस गया। इसके बाद युवक के दोस्तों ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी। इसके बाद सरकार की ओर से सेना से मदद मांगी गई, जिसके बाद भारतीय सेना ने मद्रास रेजीमेंट सेंटर, वेलिंगटन से 12 कर्मियों की एक टीम रवाना किया, इसके कुछ ही देर बात पैराशूट रेजीमेंट सेंटर, बेंगलुरु से 22 कर्मियों की दूसरी टीम को भी बचाव कार्य में लगाया गया।


### युवक की निगरानी के लिए लगाए गए ड्रोन

बचाव दल युवक से 200 मीटर की दूरी तक पहुंच गया था, लेकिन खड़ी खाई होने के कारण उस तक पहुंचना आसान नहीं था। युवक तक खाने-पीने का सामान पहुंचाने का प्रयास असफल रहा। हालांकि, इसके बाद सेना ने ड्रोन की मदद से युवक के स्वास्थ्य की निगरानी की। भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ।

## उप्र की 58 सीटों पर पहले चरण का मतदान कल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2022 विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को होने जा रहा है। पहले चरण में 11 जिलों की 58 सीटों पर प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। 18वीं विधानसभा के गठन के लिए 10 फरवरी को होने वाले पहले चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोरगुल मंगलवार शाम छह बजे थम गया। पहले चरण में जिन जिलों में मतदान होना है उनमें शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा और आगरा हैं। पहले चरण में कुल 623 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।



## शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत

मुंबई। शेयर बाजार की आज मजबूत शुरुआत हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में बाजार की शुरुआत हरे निशान के साथ हुई। बीएसई का 30 स्टॉक्स पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 354 अंकों की तेजी के साथ 58163 के स्तर पर खुला तो निफ्टी ने 17370 के स्तर से आज दिन के कारोबार की शुरुआत की । शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 189 अंकों की तेजी के साथ 57811 के स्तर पर था तो निफ्टी 110 अंकों की बढ़त के साथ 17377 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।



## मध्यप्रदेश में हिन्दी माध्यम से होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

### एमबीबीएम पाठ्यक्रम को हिन्दी पढ़ाने की शुरुआत

**भोपाल। मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम को छात्रों को हिन्दी माध्यम में पढ़ाने की तैयारी चल रही है। राज्य में इसकी शुरुआत शासकीय गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल से की जाएगी। एमबीबीएस की शिक्षा हिन्दी माध्यम से देने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा।**

सारंग ने बताया कि हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम निर्धारित करने की कार्ययोजना तैयार करने और इस पर रिपोर्ट देने के लिए मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ. जितेन शुक्ला की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में राज्य में एमबीबीएस सहित सभी चिकित्सा शिक्षा हिन्दी माध्यम में दिए जाने की घोषणा की थी। तभी चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसे लागू करने की दिशा में काम शुरू कर दिया था।

### बिहार में कृषि विभाग में 231 पदों पर शीघ्र होगी नियुक्ति

गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल से इसकी शुरुआत करने का निर्देश दिया गया है। वहां एमबीबीएस पाठ्यक्रम को हिन्दी माध्यम में (अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ) पढ़ाने की शुरुआत अगले शिक्षण सत्र से की जाएगी। बताया गया कि पहले चरण में चिकित्सा से जुड़े पाठ्यक्रमों की कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा यथा-संभव अधिकतम हिन्दी भाषा का उपयोग किया जाएगा।

### तीन विषयों की किताबें हिंदी में होंगी

दूसरे चरण में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के तीन विषयों (एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायो-केमेस्ट्री) की पूरक संदर्भ पुस्तकों को हिन्दी भाषा में तैयार किया जाएगा। इस कार्ययोजना को पूरा करने के लिए समितियों का गठन किया गया है।



## देश में 69,544 नए केस, 1215 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 69,544 मामले मिले हैं। इससे एक दिन पहले सोमवार को संक्रमण के 67,597 नए केस सामने आए थे। उसके मुकाबले मंगलवार को केसेस में मामूली ब?ोतरी हुई है। इस दौरान 1.72 लाख मरीज ठीक हुए और 1,215 कोरोना संक्रमितों की जान गई। देश में फिलहाल 8.83 लाख लोग कोरोना का इलाज कर रहे हैं। देश में महामारी की शुरुआत से अब तक कुल 4.24 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आए हैं। देश में पिछले 8 दिनों में 6वीं बार कोरोना से मरने वालों की संख्या 1,000 से ज्यादा रही है। हालांकि, मामलों में लगातार गिरावट हो रही है। फरवरी के 8 दिनों में कोरोना के रोजाना के मामलों में 57त्न की गिरावट दर्ज की गई है।

## पन्ना में महिला ने बच्चों के साथ केरोसिन डालकर लगाई आग

### मां-बेटी की मौत, बेटा झुलसा

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपने बेटे और बेटी को गोद में बैठाकर मिट्टी का तेल डाल खुद को आग के हवाले कर दिया। घटना में डेढ़ साल की बच्ची और मां की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 4 साल का मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना पन्ना जिले के सलेहा थाना क्षेत्र के ग्राम कठवरिया की है। बताया जा रहा है कि यहां के रहने वाले राजेश कोरी बकरी चराने गए थे। उसी दौरान उनके माता-पिता भागवत कथा सुनने गए थे। घर पर उनकी पत्नी द्रौपदी अपनी 4 साल के बेटे और डेढ़ साल की बेटी के साथ थी। महिला ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और बेटा-बेटी पर केरोसीन डालकर पास बैठा लिया और खुद पर भी डाल लिया। इसके बाद बच्चों के साथ खुद को आग लगा ली। राजेश के माता-पिता जब घर आए तो अंदर से उठता धुआं देखकर परेशान हो गए। शोर मचाकर मोहल्ले के लोगों को एकत्र किया और जब लोगों ने दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो घर का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए।

### दहेज का सामने आया मामला

द्रौपदी और उसकी डेढ़ साल की बेटी पूरी तरह आग में झुलस चुकी थी और दोनों की मौत हो गई थी। जबकि 4 साल का बेटा आग में झुलसने की वजह से दर्द से कराह रहा था। मामले में दहेज प्रताड़ना की बात भी सामने आ रही है। पुलिस अधीक्षक पन्ना का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## राजस्व सेवा अभियानपटवारी-आरआई और अन्य अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ा

# परेशान हो रहे ग्रामीण

**जबलपुर, यशभारत।** जिलें की सभी तहसीलों में कैम्प लगाकर राजस्व अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया जाना है। इसके लिए शासन स्तर से राजस्व सेवा अभियान शुरू किया गया है। लेकिन जिले की किसी भी तहसील में इस अभियान की शुरुआत होते नहीं दिख रही है। इतना ही नहीं जिन लोगों ने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई है या फिर तहसील में आवेदन देकर समस्या निपटाने का निवेदन किया है। उन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। प्रदेश सरकार ने जिले की आबादी भूमि का मालिकाना हक देने के लिए राजस्व अधिकारियों को सर्बे कराने के आदेश दे रखे हैं। यह काम भी ठप पड़ा है, इस काम को करने में पटवारी-आरआई की टीम रुचि नहीं दिखा रही है। राजस्व अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का पालन किसी भी राजस्व ग्राम में नहीं हो रहा है।

### इन अफसरों को करना था निरीक्षण

राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई एवं पटवारियों को भूमि विक्रय की जमीनों का स्थल निरीक्षण कर नक्शा एवं लोकेशन के साथ प्रकरण बनाना है और राजस्व सेवा अभियान के तहत इस प्रकार के प्रकरणों का निपटान भी किया जाना है।

### इन समस्याओं का निराकरण किया जाना था

आबेदनों, शिकायतों के अंतर्गत सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व रिकार्ड में सुधार, आवश्यकता अनुसार भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका का वितरण करना, रास्ते संबंधी विवाद का निराकरण एवं सार्वजनिक मार्ग, चरनोई भूमि, श्शमशान भूमि, मंदिर की भूमि, सार्वजनिक स्थान आदि के अतिरिक्त नदी-नालों पर अतिक्रमण को रोकना एवं अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर स्थल का मौका मुआयना कर किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाना, राहत राशि एवं दुर्घटना संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाना है।

### नहीं हो रही सुनवाई

आरआई एवं पटवारी राजस्व की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। राजस्व सेवा अभियान में गति लाने के लिए क्षेत्र के बीएलओ एवं सचिव से समन्वय स्थापित करके फौती व्यक्ति का नाम खसरे से बिलोपित करने के निर्देश हैं। फिर भी इस दिशा में सुनवाई नहीं हो रही है।

### पटवारियों ने काम नहीं किया

प्रत्येक पटवारियों को अपने हल्का क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देश शासन स्तर से हैं, जिससे कि राजस्व सेवा अभियान के प्रकरणों के निशकरण के साथ-साथ बीपीएल के अपात्र व्यक्तियों का नाम विलोपित करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़ने की कार्रवाई हो सके। प्रत्येक पटवारी को अपने क्षेत्र में बैंकों के मैनेजर से सम्पर्क कर भूमि बंधक की जानकारी भी संकलित करना है। भू-अभिलेख अधीक्षक पटवारियों को प्रशिक्षण देकर ऑनलाइन डाटा फीडिंग के संबंध में दक्ष बनाना है। लेकिन जिला स्तर पर इन कामों पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

### मोबाइल नंबर वेरीफिकेशन भी करना था

खातेदारों का मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, वोटर आईडी नम्बर सभी का वेरीफिकेशन कराकर खातेदारों के खाते में दर्ज करने के निर्देश हैं। साथ ही आरआई, पटवारी राजस्व सेवा अभियान में गति लाने के लिए सीमाकंन और नामाकंन, नवशा तरमीम, बंटवारा, आरसीएमएस पोर्टल में पीएम एवं सीएम किसानों का डाटा शत- प्रतिशत दर्ज करने हैं, पात्र किसान को पीएम एवं सीएम किसान योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें, इस दिशा में काम करना है।





कोरोना पर भारी दिखी आस्था, चढ़ाई चुनरी, किया दीपदान

# नर्मदा तटों पर आधी रात बाद तक कुंभ सा नजारा

**जबलपुर, । मां नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर आधी रात के बाद तक घाटों पर भक्तों की भीड़ जमा रही। जहां चुनरी अर्पण की। आस्था के साथ दीप दान किया गया। इसके लिए तट के एक छोर से दूसरे छोर तक मां नर्मदा का चुनरी से श्रृंगार किया गया। ग्वारीघाट, उमाघाट, जिलहरीघाट, तिलवारा, सरस्वतीघाट से लेकर भेड़ाघाट तक भक्तों का आना देर रात तक जारी रहा। भक्तों की संख्या बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई।नर्मदा तटों पर जो नजारा दिखा उससे कोरोना पर आस्था भारी दिखी।**



उमाघाट में मां नर्मदा महाआरती समिति द्वारा सुबह नर्मदा पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने पूजन कर मां नर्मदा की महाआरती की। इस दौरान स्वामी रामदास, त्रिलोकीदास, महाआरती के संयोजक ओंकार दुबे, मनीष दुबे, गुड्डा, दुबे, अखिल मिश्रा, तस्मय मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।ग्वारीघाट में रात के समय नजारा शानदार दिखा। यहां उमाघाट में विशेष रूप से विद्युत साजसज्जा की गई थी। जब शाम को महाआरती शुरू हुई तो एक साथ नर्मदाष्टक और नर्मदा आरती कर लोगों ने अपनी आस्था प्रकट की। इसमौके पर जगत गुरु राघवदेवाचार्य समेत अनेक संत मौजूद रहे। इस दौरान भक्तों से पूरा घाट भरा था। वहीं कई संगठनों द्वारा बड़ी आरतियों के साथ शिवपुत्री की भक्ति में शामिल हुए। रात में तो ग्वारीघाट के साथ ही तिलवाराघाट में नजारा किसी मेला की तरह नजर आया। हालांकि मां नर्मदा के भक्तों की संख्या हर बार इसी तरह देखी जाती है। कुछ भक्त ऐसे भी थे जो सुबह सात बजे ग्वारीघाट पहुंचे और नर्मदा पूजन किया। इस दौरान वाहन भी घाट तक ले जाने मिला।सुबह से रात तक नर्मदा तटों के अलावा शहर के कई हिस्सों में भंडारा का वितरण किया गया। जिसमें मां रेवा को विशेष रूप से हलवा का भोग लगाया गया। कई स्थानों पर बुधवार को भी भंडारा आयोजित किया गया है।घाटों पर जिस तरह से लोग परिवार सहित पहुंचे उसे देखकर कोई नहीं सकता था कि किसी को कोरोना का डर हो।

### पौधों का वितरण

मां नर्मदा नदी मंडल एवं नर्मदा सेवा संस्थान के तत्वावधान में मां नर्मदा की पूजन ,प्रात कालीन महा आरती एवं पौधों का वितरण आम जनमानस को एवं पुलिस प्रशासन के लोगों को उद्देश्य मां नर्मदा के तत्वों को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखा जाए शाम को मां नर्मदा की आरती एवं रात्रि 12:00 बजे तक आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुए इस अवसर पर नर्मदा सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुजीत अवस्थी विकास मिनोचा अभिषेक मिश्रा पिंकी बर्मन सोनू कालेबे सचिन उपाध्याय दीपक ठाकुर बंटू महाराज संदीप पहलवान राजा अवस्थी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थ

### ब्राम्हण मोहल्ला पुरवा गढ़ा में आयोजन

ब्राम्हण मोहल्ला पुरवा गढ़ा, में बस्ती के श्रद्धालुयों व नर्मदा भक्तों व्दारा मां नर्मदा जन्मोत्सव पर तिलवारा घाट से मां नर्मदा जी का कलश में जल लाकर भगवान बरम- बाबा के स्थान पर घट-स्थापना ,व भगवान सत्यनारायण जी की कथा व हवन आचार्य जितेंद्र दुबे व्दारा संम्पन्न कराया गया। रात्रि 8बजे भक्तों व्दारा माँ की महा आरती की गई। माँ नर्मदा जी को बस्ती परिवार के सहयोग से 56 भोग अर्पण करने के बाद महाभोग का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के पूजन मे पंडित के.के.अवस्थी, लेखराम ,अजय अवस्थी, अभय प्यासी,डॉ बी.पी.अवस्थी,रामकुमार पाठक,दिनेश दुबे,राम रत्न,मुकेश अवस्थी,मनमोहन, अर्जुनदेव,शम्भू नाथ ,नवीन, ऋषि, अविनाश, तरुण,पुनीत, राजा बड़गईया : सतीश ,सन्दीप तिवारी व बस्ती के सभी भक्त उपस्थित रहे।

# स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर में विज्ञान प्रदर्शनी

## नवोदित वैज्ञानिकों को प्रतिभा दिखाने ,आत्मविश्वास के लिए महत्वपूर्ण मंच



**जबलपुर ।** सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के बैनर तले स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की विजय नगर शाखा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 9 स्कूलों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय विज्ञान समाज और पर्यावरण रखा गया। जिसके अंतर्गत छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों में बहुत जोश और उत्साह देखा गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य यह रहा कि यह प्रदर्शनी हमारे देश के युवा दिमागों को अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज में योगदान करने के लिए एक महान मंच के रूप में काम करेगी।कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि के साथ (जजों के रूप में) प्रमोद चैतन्य (एचओडी फिजिक्स सेंट अलॉयसियस कॉलेज, सदर), डॉक्टर कीर्ति विश्वकर्मा (प्रिंसिपल ऑफ ज्ञान गंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी) स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जयसवाल ,स्कूल प्राचार्या श्रीमती मनमीत कोहली एवं श्रीमती रजनी घई द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। ` सम्मानीय अतिथि डॉ. राजेश चंदेल, (ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य, सीबीएसई के समन्वयक, और जेएसएससी के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती वर्षा चौहान (रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की निदेशक और प्राचार्या जेएसएससी की पूर्व अध्यक्ष) और श्रीमती अपर्णा चौबे (दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या और जेएससीसी की अध्यक्षा) मौजूद थीं। विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता लिटिल वर्ल्ड स्कूल, तिलवारा रहा ( शाफ्टतंत्र)। दूसरा स्थान आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 ( इंधन और विद्युत का भविष्य का विकल्प और तीसरा स्थान सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, (इको सस्टेनेबल सिटी) द्वारा प्राप्त किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पर्व जयसवाल जी एवं सुप्रिया जयसवाल जी द्वारा सभी विजेताओं को बधाई दी गई। जजों और मेहमानों को पौधा, स्मृति चिन्ह और धन्यवाद कार्ड सौंपकर कार्यक्रम का समापन हुआ।



## ख्वाजा ग़रीब नवाज़ की छठी शरीफ पर नज़रो न्याज़ का एहतमाम

**जबलपुर, ।** महान सूफ़ी संत हज़रत ख्वाजाा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के उर्स मुबारक की छठी शरीफ पर मंगलवार को मुस्लिम दरगाहो एवं मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे सुबह कुल शरीफ तथा नजरो न्याज़ पेश की गई। इस मौके पर लंगर तबर्रुक तकसीम किया गया। मदन महल पहाड़ी पर स्थित दरगाह शरीफ मे सुबह चादरपोशी के बाद नजरो न्याज़ पेश की गई। इस मौके पर नायब मुत्वल्ली सैयद कादिर अली , मुबारक कादरी, निज़ाम अली, इनायत कादरी, अतहर कादरी,शराफत अली, मोहम्मद अली, सलामत अली, की मौजूदगी रही । हाई कोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी बाले की दरगाह मे छठी शरीफ पर कुल शरीफ का एहतमाम किया गया । सज्जाद नशीन बाबर खान बंदनावाज़ी की सरपरस्ती मे दरगाह में चादर पेश की गई। मुस्लिम बहुल क्षेत्र दरबारे बुनियादी मे सूफ़ी बाबा मेराज अहमद जमाली की सरपरस्ती मे भी सुबह कुल शरीफ का एहतमाम किया गया।



## जबलपुर में कला, साहित्य की सेवा करने वाले सृजन साधकों का हुआ सम्मान

जबलपुर, । कला, साहित्य, संस्कृति, समाज और राष्ट्र की सेवा से मन में चेतना का भाव संचारित होता है। वर्तमान में मानसिक चेतना की आवश्यकता समाज को है। रचना करना भी एक तरह की सेवा है और इस सेवा से आत्मसंतुष्टि मिलती है। यह बात जागरण साहित्य समिति द्वारा श्री जानकीरमण महाविद्यालय में आयोजित अलंकरण समारोह व विमोचन समारोह में अतिथियों ने कही।समारोह में मुख्य अतिथि मोहन शशि मौजूद रहे। अध्यक्षता डा. हरिशंकर दुबे ने की। सारस्वत अतिथि डा. जेके गुजराल व स्वागताध्यक्ष सुभाष जैन शलभ थे। जागरण के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने संस्थागत गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने जानकारी दी कि रचनाकरों का उत्साहवर्धन होना आवश्यक है। जागरण द्वारा आयोजितक कार्यक्रम में सृजन साधकों को सम्मानित करना सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक प्रवीण व आभार संतोष नेमा ने व्यक्त किया। दूसरे चरण में लहर जागरण के काव्य संग्रह का विमोचन किया गया। साथ ही कला, साहित्य व समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़ी विभूतियों को सम्मानित किया गया।विविध क्षेत्रों में क्रियाशील सृजन साधक, समाजसेवी इरफान झांसवी, आचार्य भगवत दुबे, भोलराम खत्री, यशोवर्धन पाठक, प्रमोद कुशवाहा, सनातन बाजपेयी, अशोक मनोध्या, राजेश पाठक प्रवीण, प्रतुल श्रीवास्तव, डा.आशा दुबे, डा. राजलक्ष्मी शिवहरे, डा. रानू रूही, डा. श्रद्धा तिवारी, आलोक पाठक, अनंतराम चौबे को सम्मानित किया गया।

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईडक्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Journal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोंस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339
क्लीनिक
मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय
दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरुम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मोः 9826243750

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे
MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
कॉर्निया एवं मोतियाबिंद विशेषज्ञ
डॉ. कौस्तुभ हर्षे
MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
रेटिना, यूविआइटिस एवं ROP विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहॉं दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
-: सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज ( रूट कैनाल ट्रीटमेंट ), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार ( डेंटल ब्लीचिंग )।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई ( स्केलिंग ) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना ( सिरामिक एवं मेटल )।, टेढ़े दातों का इलाज ( आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली ( डेन्चर )।, बच्चों के दांतों का इलाज ( पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना ( डेंटल एक्सट्रैक्शन )।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी ( वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ )
डॉ हर्ष सक्सेना ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ तरून नागपाल ( वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट )
डॉ विशाल वडेरा ( वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ )
डॉ एम. चंसौरिया ( वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ )
डॉ प्रशांत कुशवाहा ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ पुनीत भल्ला ( एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट )
डॉ अखिलेश पटेल ( छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी )
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S ( वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ )
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, ( POISON-UNIT ) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

Trusted
CCTV CAMERA
Since- 2009
Sales & Sarvice
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC
0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कछपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर
Mob:-9098983263,9131193852

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
→चना →रेबड़ी →गजक →ड्रायफ्रूट
→नमकीन →तोस →लईया →लड्डू →भेल
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

# दहेज के लिए पत्नी को जिंदा जलाया



## पति और जेठ को पुलिस ने दबोचा, पीड़िता अस्पताल में भर्ती, सास एवं मौसी सास की तलाश जारी

**जबलपुर, यशभारत।** थाना सिहोरा के नया मोहल्ला में एक नवविवाहिता को शादी में कम दहेज मिलने पर परिजनों के कहने पर पति ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिसके बाद पीड़िता को तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर, पति और जेठ को दबोच लिया है। वहीं सास और मौसी सास मौके से फरार है। प्रभारी सिहोरा गिरीश धुर्वे ने बताया कि आग से जलने के चलते महिला को शासकीय अस्पताल सिहोरा में भर्ती कराया गया था। जहां पुलिस को श्रीमती अंजली चौधरी निवासी नया मोहल्ला सिहोरा हाल निवासी ग्राम घाना कला सिहोरा ने बताया कि उसकी शादी लगभग 3 माह पहले नीरज चौधरी निवासी घानाकला के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से उसका पति नीरज चौधरी, सास, मौसी, जेठ धीरज दहेज को लेकर उसे परेशान करने लगे तथा उसका पति उसके चरित्र पर संदेह करते हुये विवाद करने लगा।

### परिजनों के कहने पर किया आग के हवाले

पीड़िता ने बताया कि जब वह अपने घर पर थी, पति आकर उससे विवाद करने लगे, उसी समय उसका जेठ धीरज, सास एवं मौसी सास उसके साथ गाली गलौज करते कहने लगे कि इसे जला दो। जिसके बाद उसके पति ने जान से मारने की नियत से कुप्पी से उस पर मिट्टी का तेल डाल दिया तथा माचिस से आग लगा दी। जिससे वह झुलस गयी और जमीन पर लोटकर आग बुझाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी नीरज चौधरी 25 वर्ष एवं जेठ धीरज चौधरी 27 वर्ष दोनों निवासी घानाकला को अभिरक्षा में लेते हुये सास सुभद्रा बाई एवं मौसी सास गुजराती बाई की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# 2 कार की डिमांड लाख लेने के बाद भी नवविवाहिता को भगाया

**जबलपुर, यशभारत।** विवाह का पवित्र बंधन दहेज की भेंट चढ़ रहा है। जिसका एक सनसनीखेज मामला हनुमानताल में प्रकाश में आया है, जहां शादी में बुलेट, गहने लेने के बाद भी डिमांड कर 2 लाख रुपए शादी के बाद वसूल लिए और अब कार की मांग कर, नव विवाहिता को घर से भगा दिया। रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार 23 वर्षीय महिला निवासी रजा चैक न्यू आनंद नगर वर्तमान पता घोड़ा नक्कास ढलगर मोहल्ला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी सोहेल खान निवासी न्यूआनंद नगर से 2021 के मुस्लिम रीति रिवाज से हुयी थी। शादी में उसके मायके वालों ने घर गृहस्थी का सामान, एक बुलेट बाइक सोने-चांदी के गहने दिये थे। पति सोहेल खान, ससुर जमील बादशाह खान, सास शहनाज परवीन खान, देवर साहिल खान उसे दहेज में 2 लाख रूपये की मांग करने लगे। उसने 2 माह में 2 लाख रूपये ससुर को दिये। इसके बाद भी दहेज में कार की मांग कर, लगातार परेशान करने लगे तथा आये दिन दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 9 अगस्त 21 को उसके पति, ससुर, सास एवं देवर ने दहेज में कार की मांग करते हुये घर से निकाल दिया, उसकी सास ने उसके सभी जेवर रख लिये तभी से वह मायके में है।

# मुस्कान प्लाजा में व्यापारी खेल रहे थे ताश की पत्ती

## 1 लाख 41 हजार बरामद, 6 गिरफ्तार

**पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा की सूचना पर हुई कार्रवाई, फरार 2 की तलाश जारी**





**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा की सूचना पर थाना विजयनगर की टीम ने मुस्कान प्लाजा पर दबिश देकर, जुआ खेल रहे 6 जुआड़ियों को रंगे हाथ दबोच लिया। जिनके कब्जे से नगद 1 लाख 41 हजार 700 रुपए एवं 6 मोबाइल जब्त किए गए हैं। वहीं, पुलिस को देख 2 आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश जारी है। पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा को सूचना मिली की थाना विजयनगर अंतर्गत मुस्कान प्लाजा ब्लॉक-ए की सातवीं मंजिल में फ्लैट नंबर 714 में जुआ फड़ चल रहा है, जिसके बाद तत्काल विजयनगर श्रीमती सोमा मलिक को निर्देशित किए जाने पर पूरी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। फ्लेट नम्बर 714 का दरवाजा खुलवाया गया, जहां कमरे में 8 व्यक्ति जुआ मन्ना खेल रहे थे। जैसे ही जुआड़ियों ने पुलिस को देखा तो भगदड़ मच गयी, इसी दौरान 2 आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने घेराबंदी कर 6 जुआरियों सतीश जैन 40 वर्ष, आशीष कुमार जैन 34 वर्ष दोनों निवासी पुरानी चरहाई विजय कटपीस के बाजू में लार्डगंज, सृष्टी यादव 32 वर्ष निवासी समदड़िया काम्पलेक्स कोतवाली, सुरेन्द्र ठाकुर 24 वर्ष निवासी बड़ा पत्थर रांझी, राहुल बिसेन 23 वर्ष निवासी शर्मा आटा चक्की के पास आमनपुर मदनमहल, राजेन्द्र कुमार परिहार 54 वर्ष निवासी घड़ी चौक विजयनगर को दबोचा। जिन्होंने भागने वालों के नाम सुन्नी बबेले निवासी विकास नगर विजयनगर एवं ब्रजेश रावत निवासी दमोहनाका बताया। पकड़े गए जुआरियों के पास एंव फड़ से अनेक कम्पनियों के 6 मोबाइल फोन एवं नगद 1 लाख 41 हजार 700 रूपये जब्त कर, कार्यवाही करते हुये फरार 2 जुआरियों की तलाश जारी है।

# विधायक संजय यादव के प्रयास से घर घर चलो अभियान में मिली सफलता





**जबलपुर यशभारत।** कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहेघर चलो घर घर चलो अभियान के दौरान बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय यादव के प्रयास से सफलता के परिणाम भी सामने आने लगे हैं। विधायक श्री यादव के अनुसार जब जनसंपर्क किया तो जानकारी मिली कि बरगी विधानसभा अंतर्गत ग्राम सगड़ा झपनी में स्कूल जर्जर स्थिति में है साथ ही आसपास झाड़ियों का अंबार लगा हुआ था। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों से जबाब तलब करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। परिणाम स्वरूप साफ सफाई, भवन की पुताई कार्य चालू कर दिया गया है। श्री यादव ने कहा कि महत्वपूर्ण कार्य के लिए जिला पंचायत सीईओ मैडम को धन्यवाद देता हूँ। साथ ही इस जनहितेषी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने के लिए यशभारत को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

# शासकीय स्कूल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि बरगी तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि बरगी ब्लॉक के शासकीय स्कूलों की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को दूर किया जाए स्कूलों के आसपास दबंग और प्रभावशाली लोगों द्वारा स्कूलों की जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है और यह कार्य लंबे समय से होता रहा है शासन प्रशासन की चुप्पी की वजह से ही शासकीय स्कूलों की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है हाल ही में बरगी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला रैपुरा और शासकीय प्राथमिक शाला टेमर का मामला सामने आया है और इन स्कूलों की भूमि पर जबरन एक विशेष परिवार के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है उनके द्वारा शासकीय स्कूलों की जमीन पर पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं और अपने निजी स्वार्थ हेतु शासकीय भूमि का उपयोग किया जा रहा है वहीं उनके द्वारा उनके मवेशी भी स्कूलों के प्रांगण में बांधे जाते हैं और साला प्रभारी द्वारा आपत्ति करने पर भी अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक शाला टेमर की शासकीय की भूमि के चारों तरफ अतिक्रमण करने से स्कूलों के शौचालय का पानी निकासी हेतु जगह नहीं बची जिससे स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है शासन और विभाग प्रमुख द्वारा ऐसे सभी स्कूलों की जानकारी चाहे वे शहरी क्षेत्र के हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र के सभी की जानकारी मांग कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नारबट, सुनील झारिया, उमेश सिंह ठाकुर, आफ़रोज खान, मानसिंह आर्मो, नीरज मरावी, रवि जैन, सतीश त्रिपाठी, नेतराम उईके, देवेन्द्र पटेल, सतीश दुबे, अनिल सपेरा, आदि ने तहसीलदार बरगी से मांग की है कि बरगी ब्लॉक के शासकीय स्कूलों की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोका जाए।

# माढ़ोताल में रंजिशन किशोर को घोंपा चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के करमेता में एक 16 वर्षीय किशोर को चाकू से गोदकर आरोपी मौके से फरार हो गया। मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रोहित ठाकुर पिता लखन ठाकुर 16 साल, गणेश मंदिर विश्वकर्मा कॉलोनी करमेता का निवासी है। आपसी रंजिश के चलते अभिषेक दुबे निवासी शंकर नगर ने दरमियानी रात चाकू से वार कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। आनन-फानन में मची चीख पुकार के बीच किशोर को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है, वहीं आरोपी मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

# पटरियों पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा के ग्वारीघाट स्टेशन के मध्य एक युवक की क्षत-विक्षत लाश मिलने से हड़कंप मच गया। युवक गोटेगॉव का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। जानकारी अनुसार गढ़ा रेल्वे स्टेशन के प्वाईट्स मेन राकेश कुमार ने सूचना दी कि गढा से ग्वारीघाट स्टेशन के मध्य एक व्यक्ति की ट्रेन से कट कर मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किये गये। जिसके चलते भूपेन्द्र लोधी 23 वर्ष निवासी ग्राम सुकरी गोटेगॉव नरसिंहपुर के रूप में मृतक की शिनाख्त हुई है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# सिगरेट पीने पर, जमकर मारपीट : थाने पहुंचा घायल युवक

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार में मंगलवार की दरमियानी रात एक युवक से जमकर मारपीट कर, आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरा विवाद सिगरेट पीने को लेकर हुआ। घायल अवस्था में थाने पहुंचे युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने ने बताया कि नयनदास गुप्ता उम्र 20 वर्ष नेपियर टाउन, ओमती थाने का निवासी है। दरमियानी रात राजुल सिटी के पास बैठकर सिगरेट पी रहा था, जहां पर आरोपी अतुल आया और सिगरेट पीने को लेकर विवाद कर गालीगलौच करने लगा। जब उसने विरोध किया तो जमकर मारपीट कर, मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## रक्त का कोई विकल्प नहीं

**जबलपुर।** सामान्य व्यक्ति वर्ष मे चार बार रक्तदान कर सकते है। रक्त का कोई विकल्प नही है, विज्ञान भी आज तक रक्त का कोई भी हल नही ढूँढ पाया। मातु नर्मदे के प्राकट्योत्सव पर हर जरूरत मंद के लिए रक्तदान करना सच्ची पूजा है। रक्तदान करने के बाद शरीर की ऊर्जा में कोई परिवर्तन नही आता। उक्त उदगार भक्तिधाम ग्वारीघाट मे माँ नर्मदा जयंती पर भक्तिधाम कर्तव्य सामाजिक परिषद, माँ नर्मदा रक्तदान ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर मे स्वामी अशोकानंद जी महाराज, डा कैलाश गुप्ता, डा जितेंद्र जामदार ने व्यक्त किये इस अवसर पर वसंत घोडावत, विध्येश भापकर, श्रीमती करिश्मा शर्मा, श्रेया खंडेलवाल, डा संजय असाटी, डा राजेश जायसवाल, सोनिया वाकुलकर, डा अर्चना शुक्ला, सहित कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। ब्लड बैंक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मेडिकल कॉलेज के सुनील स्टीफन सहित पूरी टीम का सहयोग प्राप्त हुआ।

# शादी में लखनादौन गया परिवार, घर का टूटा ताला

## 50 हजार के गहने, नगदी लेकर चोर हुए रफूचक्कर

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनीनगर के परसवाड़ा में शादी समारोह में शामिल होने लखनादौन गए परिवार का सूना घर चोरों ने साफ कर दिया। जब परिजन वापस आए तो मेन गेट का टूटा हुआ ताला देखकर आवक रह गए। चोर पचास हजार के गहने सहित नगदी में हाथ साफ कर उड़ गए। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीव्ही की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि परसवाड़ा निवासी कल्याण सिंह चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ दिनों पूर्व वह अपने किसी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने परिवार सहित लखनादौन गया था। वहां से जब वापस आया तो उसने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद परिजन आनन-फानन में अंदर पहुंचे तो पूरा घर फैला हुआ था और अलमारी खुली पड़ी थी। जिसके लॉकर में रखे 7-8 हजार रुपए नगद और करीब 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ कर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### फैक्ट्री में हो गई चोरी

इसी तरह रांझी स्थित रिछाई की एक फैक्ट्री में चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपए का बिजली का सामान पार कर दिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके।

# कर्मचारी आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष जबलपुर अटल उपाध्याय ने बताया है की प्रदेश सरकार ने कर्मचारी आयोग अध्यक्ष के पद पर श्री गोपाल प्रसाद सिंघम की नियुक्ति कर दी है, सरकार के इस निर्णय की मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह,एस बी सिंह,महेंद्र शर्मा ने प्रसंसा की है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा 17 दिसंबर 2021 को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर यह मांग की थी कि कर्मचारी आयोग का गठन कर कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के आदेश जारी किये जायें माँग के अनुसार 28 जनवरी 2022 मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण में श्री गोपाल प्रसाद सिंघल सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी वर्तमान में भूमि सुधार आयोग अध्यक्ष, को मध्यप्रदेश कर्मचारी आयोग अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने स्वायतवों के निराकरण में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा ,कर्मचारियों के लाभ के मुद्दों पर जल्द निर्णय लिए जा सकेगा। 7 वें वेतन मान के अनुसार आवास भत्ते, मुख्यमंत्री चिकिसा योजना,निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा, 32 वर्ष की नोकरी में 4 समय मान, लिपिकों की वेतन विसंगति,चतुर्थ श्रेणी कर्मी का पद नाम बदलने,उपयंत्री की पदोन्नति, पुरानी पेंसन देने जैसी माँगों पर चर्चा पश्चात जल्द समाधान निकाले जा सकेंगे। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे ,जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, संजय गुजराल,रविकांत दहायत,अजय दुबे, नरेश शुक्ला, प्रसांत सोधिया,संतोष मिश्रा, योगेस चौधरी,विश्वदीप पटेरिया,मुकेश चतुर्वेदी, देव दोनेरिया, एस के बांदिल, धीरेंद्र सिंह,मुकेश मरकाम,प्रदीप पटेल,गोविंद विल्थरे,नरेंद्र दुबे, योगेन्द्र मिश्रा , पी एल गौतम,मनोज खन्ना, चंदू जाऊलकर,मंसूर वेग,ए के प्यासी ने सरकार के निर्णय की प्रशंसा करते हुऐ, प्रत्येक माह सभी संघों के प्रतिनिधियों के साथ अध्यक्ष की बैठक करने के आदेश जारी करने की मांग की है।

# आवारा कुत्तों की धरपकड़ लगातार जारी

**जबलपुर।** आवारा कुत्तो की बढ़ती हुई जनसंख्या और उनके काटने की लगातार बढती हुई शिकायतों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम जबलपुर के द्वारा आवारा कुत्तो का बधियाकरण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके लिए जबलपुर स्थित पशु कल्याण संस्था माँ बगुलामुखी सेवा समिति से अनुबंध कर विशेष अभियान चलाकर शहर के विभिन्न स्थानो में प्रति दिन आवारा कुत्तो की धरपक? की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि आज ग्वारीघाट, उमा घाट, रामलला मंदिर, गणेश मंदिर, ग्वारीघाट रोड, ग्वारीघाट रोड साईं मंदिर, नर्मदा नगर, भीम नगर, लाल माटी, द्वारका नगर, ठक्कर ग्राम डॉ सेन वाली गली, नया मोहल्ला हुसैन चौक के पास, सर्किट हाउस नंबर 2, एकता नगर परिजात बिल्डिंग, आदि क्षेत्रों से प्राप्त शिकयतो के आधार पर माँ बगुला मुखी सेवा समिति के डॉग केचर्स कर्मचारियों द्वारा 30 कुत्तो को जबलपुर कठौंदा स्थित श्वान बंधियाकरण केंद्र में लाया लगाया एवं कुत्तो के हेल्थ की जांच कर 27 कुत्तों का बधिया करण ऑपरेशन प्रशिक्षित पशु चिकत्सक द्वारा किया गया, ऑपरेशन के पशचात श्वानो (कुत्तो) को 3 से 4 दिन के लिए पोस्ट ऑपरेटिव केयर में देखभाल के लिए रखा गया है इस दौरान कुत्तो को एंटी बायोटिक दर्द निवारक इन्जेकशन दिए जाते है साथ ही कुत्तो को पोष्टिक आहार भी दिया जाता है।

# लता जी को गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि





**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल पर भारत के स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में महाप्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी की उपस्थिति में तथा प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला के निर्देशन और मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती रश्मि दिवाकर के नेतृत्व में भारत रत्न स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेश्कर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी गई। मुख्यालय के सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों द्वारा स्वर्गीय लता के देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं के आँखों में आंसू लाने के लिए मजबूर कर दिया। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की पावन भूमि इंदौर में जन्मी विश्वविख्यात पार्श्व गायिका स्वर्गीय लता मंगेश्कर के कर्ण प्रिय गीतों का गायन कर याद किया गया।

इसके अतिरिक्त पमरे मुख्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की पहली प्रस्तुति ÷रानी अवंति बाई÷ की वीरगाथा पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन किया गया था। इस अमृत महोत्सव में जिसमें देश की आजादी से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्रचारित की जा रही है।

सर्वविदित है कि मध्य प्रदेश की पवित्र भूमि पर जन्मे इन महान हस्तियों ने भारतीयों सिनेमा जगत को एवं नयी पहचान देकर विश्व पटल पर परिलक्षित किया। इस संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

## पमरे द्वारा लगाए आउटरीच कैंप एवं ईमेल/लिंक के माध्यम से 300 से अधिक उम्मीदवारों ने अपनी शिकायतों/सुझावों को दर्ज किया

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट में एक लिंक प्रदान किया है। जिस पर उम्मीदवार रेलवे परीक्षा सीईएन-01/2019 (नॉन टेक्निकल पापुलर कैटेगिरी) लेवल-1 के संबंध में अपनी चिंताओं/सुझावों को दर्ज किया जा रहा है। रेलवे प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिस किए युवा अन्य उम्मीदवारों के साथ लिखित परीक्षा देते हैं तो उन्हें न्यूनतम योग्यता अंक एवं चिकित्सा मानकों को प्राप्त करने के अधीन, दूसरों पर नियुक्ति में वरीयता दी जाती है। इसी प्रकार सीईएन आरआरसी 01/2019 के तहत लेवल-1 पदों को इन रेलवे अप्रेंटिस के लिए निर्धारित किया गया है। रेलवे अप्रेंटिस अधिनियम के तहत भारतीय रेलवे ने भर्ती में रेलवे प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को लेवल-1 के पदों पर विज्ञापित पदों के 20 प्रतिशत की सीमा तक वरीयता देने का प्रावधान किया है। उपरोक्त लिंक उम्मीदवारों के लिए दिनाँक 16.02.2022 तक सक्रिय है। उम्मीदवारों द्वारा अपनी चिंताओं को दर्ज करने के लिए लिंक/ईमेल का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा 14-15 जनवरी 2022 को जारी गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (नॉन टेक्निकल पापुलर कैटेगिरी) के केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन 01/ 2019 के प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के परिणामों एवं सीईएन 01/2019 लेवल-1 परिणाम के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई चिंताओं और शंकाओं पर विचार करने के एक उच्च अधिकार समिति का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल में मुख्यालय, तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में भी आरआरबी कैंप का गठन किया गया है।

# यात्रीगण ध्यान दें आज से दो यात्री गाड़ियों कर परिचालन रद्द हुआ



**जबलपुर यश भारत।** कटनी बिलासपुर रेल खंड में रेलवे की तीसरी लाइन की स्थापना को लेकर चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण आज 9 फरवरी को 2 यात्री गाड़ियों का परिचालन रेल प्रशासन ने रद्द कर दिया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्वरंजन ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन से बीना, सागर, दमोह, कटनी मार्ग से बिलासपुर होकर संतरागाछी तक जाने वाले सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस आज 9 फरवरी बुधवार को रद्द रहेगी।इसके साथ ही वापसी की भी यह गाड़ी 10 फरवरी को संतरागाछी से नहीं चलेगी। इसके अतिरिक्त भोपाल से बिलासपुर के बीच चलने वाली यात्री गाड़ी नंबर 18235 का परिचालन 8 फरवरी से 12 फरवरी के मध्य रद्द कर दिया गया है। यह गाड़ी भी वापसी में भी परिचालन नहीं होगा। इसके अतिरिक्त बिलासपुर से कटनी के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन नंबर 08747 का परिचालन भी आज 9 फरवरी से 13 फरवरी तक कटनी के स्थान पर चंदिया रोड स्टेशन तक ही किया जाएगा। यह गाड़ी बिलासपुर से चलकर चंदिया रोड में समाप्त होगी और वापस में भी चंदिया रोड से बिलासपुर को रवाना हो जाएगी।

# गैरहाजिर कर्मचारियों को नहीं किया गया वेतन का भुगतान

**जबलपुर।** वर्षों से सेवा से गायब रहे नगर निगम के जल एवं राजस्व विभाग के दोनों कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का वेतन अथवा भत्तों का भुगतान नहीं किया गया। पिछले दिनों निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जल एवं राजस्व विभाग के दोनों ही कर्मचारियों को नोटिस जारी कर 15 दिवस में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में स्थापना विभाग ने स्पष्ट किया है कि गैरहाजिर अवधि के दौरान दोनों ही कर्मचारियों को वेतन अथवा अन्य किसी प्रकार के भत्तों का कोई लाभ प्रदान नहीं किया गया है। नगर निगम के स्थापना विभाग ने गैरहाजिर अवधि में दोनों ही कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किए जाने की खबरों को निराधार बताते हुए इसे अफवाह बताया है। उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के लिए निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा विभाग वार कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई एवं अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे, इस दौरान पाया गया कि जल विभाग में पदस्थ रहे श्यामलाल गोंटिया वर्ष 2011 से अनुपस्थित थे इसके साथ ही राजस्व विभाग में पदस्थ राम प्रकाश मसराम भी पिछले 6 वर्षों से अनुपस्थित रहे। लंबे समय से अनुपस्थित दोनों ही कर्मचारियों के मामले में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी के द्वारा नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
रा. प्र.क./1843 /अ-6/2021-2022
जबलपुर दिनांक -27/01/2022

**आम इश्तिहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश यादव पिता स्वर्गीय अच्छेलाल यादव निवासी 467 पूर्वी नेपालगंज जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लॉक नंबर 58 स्थित भूमि खसरा नंबर प्लॉट नंबर 07 में से रखवा 2020 वर्ग फुट भूमि पर भूरेलाल अच्छेलाल वल्द मन्नूलाल की मृत्यु दिनांक 27 एक 1993 को हो जाने के कारण वारसन वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 14/02/2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है समय अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया

जारी दिनाक-27/01/2022
पेशी दिनांक-14/02/2022
तहसीलदार अधारताल जबलपुर

**In The Court Of IX Civil Judge Class-1, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer (देवदत्त)**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक MJCSUC0000132022

**लीलावती लालन आवेदक**
**विरुद्ध**
**आम जनता अनावेदक**

प्रोसेस आईडी-2022
पेशी दिनांक 11.3.2022

प्रेषित
आम जनता पता जिला जबलपुर मप्र

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीलावती लालन पता बी/11 तिरुपति काम्प्लैक्स, शारदा टाकीज के पास गोरखपुर जबलपुर (मप्र) 482001 मृतक अरविन्द लालन निवासी बी/11 तिरुपति काम्प्लेक्स नियर शारदा टाकीज गोरखपुर जबलपुर मप्र482001 की बैंक ऑफ बड़ौदा नेपियर टाउन जबलपुर मप्र 482001 में जमा राशि 29,99,425 (उन्नतीस लाख निन्यान्वेहजार चार सौ पच्चीस रुपए) प्राप्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाईदिनांक 11 मार्च2022 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदकको उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपतित हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 मार्च 2022 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहें तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 3 फरवरी 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**देवदत्त**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड**
**जिला जबलपुर मप्र**

# राजधानी में दो मार्च को होगा स्काई डाइविंग का प्रमोशनल इवेंट

## उज्जैन में तीन से छह मार्च तक होगी स्कूबा डाइविंग

## पचमढ़ी में मिलेगा फोर्सिथ ट्रेल रन और राक क्लाइम्बिंग का आनंद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल, पचमढ़ी और उज्जैन में कुछ बड़े साहसिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार स्काई डाइविंग, फोर्सिथ ट्रेल रन का आयोजन फरवरी और मार्च के शुरुआती दिनों में किया जाएगा। पचमढ़ी में 12 फरवरी को आयोजित फोर्सिथ ट्रेल रन भारत में अपनी तरह की पहली मैराथन होगी, जिसमें टाइगर रिजर्व के बफर जोन का 20 किमी एरिया शामिल होगा। दूसरा कार्यक्रम उज्जैन में तीन से छह मार्च तक स्कूबा डाइविंग का है। जंप एरिया स्ट्रिप में स्काई डाइविंग दस हजार फीट की ऊंचाई से होगी। इसके लिए एक प्रमोशनल इवेंट दो मार्च को भोपाल में होने जा रहा है। तारीख में बदलाव संभव है। इस इवेंट में राजा भोज एयरपोर्ट से स्काई डाइविंग लाल परेड मैदान में लैंड करेगी। उज्जैन और भोपाल के लिए यह काम स्काई हाई एजेंसी को दिया गया है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की एडवेंचर शाखा के उप निदेशक उमाकांत चौधरी ने बताया कि पांच मार्च को धूपगढ़ में राक क्लाइम्बिंग होगी।पचमढ़ी को सतपुड़ा की रानी के रूप में भी जाना जाता है। यह इस तरह के आयोजनों के लिए सही स्थान है। समुद्र तल से



1,352 मीटर की ऊंचाई वाला धूपगढ़ मध्य भारत का सबसे ऊंचा स्थान है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड ने इसके लिए एडवेंचर टूरिज्म एजेंसी मुस्टैच एस्केप्स के साथ करार किया है। उन्होंने बताया कि अपने सुंदर प्राकृतिक परिदृश्य की वजह से मध्यप्रदेश में एडवेंचर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले महीनों में मध्यप्रदेश कई एडवेंचर कार्यक्रमों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। स्काई डाइविंग, फोर्सिथ ट्रेल रन और धूपगढ़ राक क्लाइम्बिंग पर्यटकों को रोमांचक अवसर प्रदान करते हैं और बोर्ड ने एडवेंचर को न केवल घरेलू बल्कि वैश्विक पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया है। श्री चौधरी ने कहा कि बोर्ड आने वाले महीनों में राज्य के विभिन्ना हिस्सों में साइकलिंग, ट्रेक और वाटर स्पोर्ट्स आयोजित करने की भी योजना बना रहा है। जंगलों में समृद्ध वनस्पति और जीव इसे और भी खास बनाते हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन भारत में एडवेंचर आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

### विशेष प्रकार के ट्रेक पर होती है फोर्सिथ ट्रेल रन

मुस्टैच एस्केप्स के निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि पचमढ़ी में आयोजित इन दोनों गतिविधियों को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है और कोविड प्रोटोकाल को देखते हुए हम इसमें चुनिंदा लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। उपाध्यक्ष कविश राठौर ने बताया कि पचमढ़ी फोर्सिथ ट्रेल रन कई मायनों में अनूठा है और पर्यटकों के बेहतरीन अनुभव के लिए बनाया गया है। फोर्सिथ ट्रेल रन आमतौर पर पहाड़ी इलाकों में होता है। इसके ट्रैक में जंगल, पहाड़, नदी और मैदान का होना जरूरी है। हमने पचमढ़ी में ऐसे ट्रैक की खोज की है।



# सर्व सुविधायुक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर मार्शल आर्ट भवन तैयार

## जल्दी खिलाड़ियों को मिलेगी सौगात

**भोपाल ।** राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में सर्वसुविधा युक्त मार्शल आर्ट हाल की सुविधा मिलने जा रही है। लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुका है। खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने मंगलवार को नवनिर्मित मार्शल आर्ट भवन का निरीक्षण किया। भवन में मार्शल आर्ट की तीन विधाए बाक्सिंग, कुश्ती और फेंसिंग खेल संचालित किए जाएंगे। उन्होंने मार्शल आर्ट भवन का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि इस चार मंजिला भवन में सबसे ऊपर फेंसिंग, इसके नीचे लाइब्रेरी, फिर बाक्सिंग तथा सबसे नीचे हाल में कुश्ती की सुविधा रहेगी। लगभग 18 करोड़ की लागत से तैयार हुए इस आधुनिक भवन को तैयार होने में चार वर्ष का समय लगा है, 30 हजार स्क्वयेर फीट में तैयार यह भवन पूरी तरह आत्याधुनिक सुविधाओं से लेस है। इसमें प्रशिक्षण की विश्वस्तरीय सुविधाओं को खेल के अनुसार जुटाया गया है। टीटी नगर स्टेडियम में खेलमंत्री सिंधिया ने बाक्सिंग और फेंसिंग के खिलाडियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वे आइने के सामने स्वयं से बात करें। अपने आप को मोटिवेट करें। पूरे देश में मध्यप्रदेश जैसी बेहतरीन और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यहा आपका लक्ष्य एशियन गेम्स, ओलिंपिक में मेडल लाना होना चाहिए। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि अकादमी में रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने लिंक रोड नम्बर-1 स्थित ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में नव निर्मित बायज़ हास्टल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ खिलाडियों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि बायज हास्टल में हाकी और वाटर स्पोर्टस के खिलाडी रहेंगे।

# दौड़े वाहन, शहर से उठा कचरा

## नगर निगम में छह दिन बाद डीजल संकट खत्म



**भोपाल।** नगर निगम के टैंकों में आखिरकार डीजल पहुंच गया और छह दिन बाद निगम के सभी कचरा वाहन शहर में फिर दौड़ने लगे। पेट्रोलियम कंपनी को भुगतान के बाद मंगलवार को डीजल टैंकर झांसी से भोपाल पहुंचे और कचरा कलेक्शन की व्यवस्था बहाल हो सकी। सुबह से कचरा उठाने वाले वाहन दोपहर बाद इलाकों के लिए रवाना हुए। तब तक लोगों को डोर टू डोर कचरा उठाने वाले वाहनों का इंतजार करना पड़ा। निगम में डीजल संकट का यह पहला मौका नहीं था। बीते दो महीने में चार बार डीजल टैंक खाली हो चुके हैं। निगम के अफसरों का कहना है कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि समय पर नहीं मिलने से यह नौबत आई। करीब 22 करोड़ रुपये प्रतिमाह नगर निगम को चुंगी क्षतिपूर्ति से प्राप्त होते हैं। इससे ही कर्मचारियों के वेतन और डीजल की व्यवस्था होती है।

### तंगी ही नहीं, डीजल चोरी भी है बड़ा कारण

जिम्मेदार अधिकारियों के तर्क से इतर निगम के ही कुछ अफसर इस संकट के लिए आर्थिक तंगी के साथ डीजल चोरी को भी बड़ी वजह बताते है। मालूम हो कि तीन साल पहले निगम में डीजल घोटाला पकड़ा गया था। इसके बाद वाहनों में व्हीकल ट्रैकिंग मैनेजमेंट सिस्टम (वीटीएमएस) लगाया गया और 1400 से ज्यादा वाहनों का माइलेज सेट किया गया। बैरागढ़, दानापानी, ट्रांसपोर्ट नगर और आरिफ नगर में चार डीजल टैंक शुरू करके ईंधन की खपत को कम किया गया। निगम के अधिकारी इन प्रयासों से एक करोड़ रुपये प्रतिमाह की बचत करने का दावा कर रहे हैं लेकिन वाहन निजी हाथों में जाते ही उनके इस दावे की भी कलई खुल गयी। जो वाहन दो किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज दे रहे थे, वे निजी हाथों में जाते ही चार से पांच किलोमीटर का माइलेज देने लगे। बता दें कि निगम ने कचरा ट्रांसफर स्टेशनों से गीला-सूखा कचरा आदमपुर छावनी लैंडफिल साइट पहुंचने का काम निजी कंपनी को दिया है।

### वाहन नहीं पहुंचने से लग गए कचरे के ढेर

जुमेराती, चौक बाजार, आजाद मार्केट, इतवारा मार्केट, घोड़ा नक्कास सहित अन्य मार्केट सहित बरखेड़ी, शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद, अशोका गार्डन, बुधवारा, इमामी गेट, पीरगेट, काजीकैंप, इब्राहिमगंज, छोला, करोंद और हमीदिया रोड सहित शहर के अन्य इलाकों में सोमवार और मंगलवार को सफाई तो हुई लेकिन कचरा नहीं उठा, जो सड़कों में जगह-जगह डंप नजर आया।

**इसके लिए कचरा वाहनों को भी सीएनजी में बदलेंगे। निगम अब जो भी नया वाहन खरीदेगा। वह सीएनजी से ही संचालित होगा। ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है।**

**– केवीएस चौधरी कोलसानी, आयुक्त, नगर निगम**



# ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नई पहल

**भोपाल।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढावा देने के लिए सरकार नाई, बढ़ई, कुम्हार, लोहार, बसोर आदि को गांव में दुकान उपलब्ध कराएगी। इतना ही नहीं इन्हें रोजगार स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना में बैंकों से आर्थिक सहायता भी दिलाई जाएगी। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी कलेक्टरों को ग्रामीण पारंपरिक उद्यमियों को सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। इन्हें व्यवस्थित किए जाने की जरूरत है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर होने वाले कामों को संस्थागत रूप दिया जाएगा। दोना, पत्तल, झाड़ू, बांस की डलिया, मटके, सुराही, दीपक, ईंट, हसिया, खुरपी, गेंती, फावड सहित कृषि उपयोग में आने वाली अन्य सामग्री ग्रामीण स्तर पर तैयार होती है। इस काम में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए तय किया है कि मुख्यमंत्री पथ विक्रेता सहित अन्य योजनाओं से जोड़कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग का काम ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से होगा।कलेक्टरों से कहा गया है कि वे पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन या अन्य भवन में रिक्त स्थान हो तो ऐसे उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराएं।

# मध्यप्रदेश के 1200 सिम कार्ड से तीन राज्यों में हो रही साइबर ठगी




**भोपाल ।** साइबर ठगी करने वालों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने को लेकर शिवपुरी के तीन युवाओं ने बड़ा खुलासा किया है। भोपाल की साइबर टीम की पूछताछ में आरोपितों से पता चला है कि तीनों दूसरे प्रदेशों के साइबर ठगों को सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे। तीनों ने 1200 से ज्यादा सिम कार्ड एक्टिवेट कर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और झारखंड समेत अन्य राज्यों के साइबर ठगों को बेचना स्वीकार किया है। जानकारी अनुसार, तीन दिन पहले भोपाल की साइबर टीम ने करैरा के तीन युवाओं को हिरासत में लिया था। अनमें आरोपित हेमंत लोधी बीएससी कर चुका है और पुलिस आरक्षक की भर्ती की तैयारी कर रहा है। इसका काम सिम कार्ड एक्टीवेट करना था। दूसरा आरोपित दिलीप गुर्जर निवासी करैरा शिवपुरी आइटीआइ कर चुका है।

# भोपाल के गांधी मेडिकल कालेज में रेसपिरेटरी थेरेपिस्ट की डिग्री के लिए डिप्लोमा कोर्स शुरू



**भोपाल।** राजधानी में स्थित गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) में पहली बार रेसपिरेटरी थेरेपिस्ट के लिए डिग्री और पीएफटी टेक्नीशियन के लिए डिप्लोमा कोर्स शुरू होने जा रहा है। दोनों की क्रमशः 10 और पांच सीटे हैं। दोनों कोर्स शुरू होने पर मरीजों को फायदा होगा। क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान का दर्ज मिला होने के बाद भी जीएमसी के छाती श्वास रोग विभाग में कोई रेसपिरेटरी थेरेपिस्ट नहीं है। वहीं पीएफटी टेक्नीशियन की जगह निजी अस्पताल से ट्रेनिंग लेकर आए एक कर्मचारी से यह काम कराया जा रहा है।हमीदिया अस्पताल के छाती व श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. लोकेन्द्र दवे ने बताया कि रेसपिरेटरी थेरेपिस्ट का कोर्स देश में वर्धा समेत तीन जगह ही है। जीएमसी चौथा संस्थान है, जहां यह कोर्स शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह थेरेपिस्ट छाती व श्वास रोग विशेषज्ञ को जांच व अन्य तरह की कार्यों में मदद करते हैं। इसके अलावा पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) टेक्नीशियन का काम पीएफटी जांच करने का होता है। इससे फेफड़े की क्षमता का पता चलता है। क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान में हर दिन करीब 10 मरीजों की पीएफटी जांच की जाती है। इन दो कोर्सेस के अलावा पहले से संचालित एमएलटी, कैथ लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, एक्सरे टेक्नीशियन, परफ्यूजन टेक्नोलाजिस्ट, डायलिसिस टेक्नीशियन के डिप्लोमा और ओटी टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन और हेल्थ इंस्पेक्टर के सर्टिफिकेट कोर्स के लिए 10 मार्च तक रजिस्ट्रार पैरामेडिकल को आवेदन कर सकते हैं।




# कमिश्नर कोर्ट ने जमानत शर्तों का उल्लंघन करने पर आरोपित को भेजा जेल

**भोपाल ।** राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली का असर अब धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं। सोमवार को पुलिस कमिश्नर कोर्ट ने एक आदतन अपराधी को जमानत शर्त का उल्लंघन करने के मामले में उसकी जमानत राशि को जब्त किया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कमिश्नर कोर्ट की यह पहली सख?त कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के आपराधियों को सीधा संदेश दिया गया है कि शपथ पत्र देने के बाद अपराध किया तो सीधे जेल जाना होगा। बता दें कि थाना कमला नगर भोपाल के सलमू शेख (30) निवासी राजीव नगर भोपाल के विरुद्ध वर्ष 2016 से मारपीट अड़ीबाजी अवैध शस्त्र रखने जैसे व जाति सूचक शब्दो से अपमानित करने जैसे सात अपराध दर्ज हैं। ये सभी मामले में कोर्ट मे विचाराधीन है ।

# अरबाज के दोहरे प्रदर्शन से फरहान फैंस क्लब ने खिताब जीता

**भोपाल ।** राजधानी के जेल बाग मैदान पर खेली जा रही दूसरी जेल बाग क्रिकेट प्रतियोगिता में अरबाज कुरैशी के दोहरे प्रदर्शन( 68 रन व दो विकेट) की मदद से फरहान फेंस क ?लब ने आरसीसी को 68 रनों से पराजित कर खिताब पर अधिकार जमाया।फाइनल मुकाबले में फरहान क्लब ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारि ?त 20 ओवरों मे आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। अरबाज कुरेशी ने आठ चौके ओर एक छक्के की मदत से 68 रन बनाए, वही नितेश पलिया ने 22 रन वा अधित्ते उपाध्याय ने 24 रनो का योगदान दिया। आरसीसी के प्रकाश शर्मा ने तीन, अंकित शर्मा ओर कौसर इमाम ने दो दो विकेट लिए। 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी क्लब की टीम 14.3 ओवरों में 95 रन पर समट गई। सचिन गोर ने 26 रन व विशाल सोनी ने 24 रनो का योगदान दिया ।फरहान क्लब के अलिज़र खान तीन, अरबाज कुरैशी ने दो विकेट लिए।

# पदोन्नति में आरक्षण !

## मंत्रिपरिषद की उप समिति की बैठक में नहीं हो पाया कोई फैसला

**भोपाल ।** पदोन्नति में आरक्षण के मसले को सुलझाने के लिए गठित मंत्रिपरिषद की उप समिति की बैठक में मंगलवार को भी कोई फैसला नहीं हो पाया। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में समिति ने कर्मचारी संगठनों की भी राय ली, लेकिन अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ (अजाक्स) इस बात पर अड़ा हुआ है कि उन्हें अनारक्षित यानी सामान्य वर्ग के पदों पर भी पदोन्नति मिलनी चाहिए। इसके लिए संगठन 1956 की उन परिस्थितियों का हवाला दे रहा है, जब सामान्य वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिशत अधिक था और आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व कम था। गौरतलब है कि मप्र अनुसूचित जाति जनजाति पदोन्नति नियम 2002 में रोस्टर प्रथा होने के कारण ही मप्र हाईकोर्ट ने 2016 में इसे रद किया था। उपसमिति ने आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को समयमान वेतनमान देने का भी प्रस्ताव दिया है, लेकिन वे इस पर तैयार नहीं हैं। इधर सामान्य वर्ग कर्मचारी-अधिकारी संघ सपाक्स की मांग है कि पदोन्नति के नए नियम संवैधानिक प्रविधानों के मुताबिक ही बनाए जाएं। उन्होंने जनरल सिंह मामले का हवाला देकर कहा कि पदोन्नति में आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रविधान करना होगा, पर अजाक्स इसके लिए तैयार नहीं है। उनके संगठन ने मांग की कि उन्हें पदोन्नति में आरक्षण वैसा ही चाहिए, जैसा पूर्व में दिया जा रहा था।



# अल्हम्द वारियर ने जीता कार्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट

**भोपाल।** राजधानी में खेली जा रहे आरसीसी कोर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट अल्हम्द वारिअर ने आरसीसी को हराकर जीत लिया।जेलबाग मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीसी ने टास जीत कर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर137 रन बनाए। इसमें अजय धाकड़ ने चार चौकों की मदद से 26 गेंदो मे 44 रन व विशल सोनी ने 30 गेदों मे 38 रन की पारी खेली। अल्हम्द वारिअर के अमीर ने तीन, साबिर ने दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्हम्द वारिअर की टीम ने 18 ओवरों मे पांच विकेट खोकर 138 का लक्ष्य प्राप्त कर मैच और खिताब पर अधिकार जमाया। अमीर ने 35 रन की नाबाद पारी खेली। मैन आफ द फाइनल आमिर चुने गए। समापन पर जनसंपर्क के सहायक संचालक मुकेश दुबे ने पुरस्कार वितरित किए।

# ` खनिज के अवैध परिवहन में जुर्माना नहीं देने पर वाहन अब होंगे राजसात

**भोपाल।** प्रदेश में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई करने के लिए अब एक नियम होगा। इसके लिए सरकार मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम-2021 लागू करने जा रही है। इसमें खनिज के अवैध परिवहन पर अब वाहन जुर्माना नहीं देने की सूरत में राजसात किए जाएंगे। अवैध उत्खनन एवं भंडारण के मामले में रायल्टी का 15 गुना तथा इसके बराबर राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में ली जाएगी। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर जब्त वाहन और मशीनों को राजसात करने के साथ दंड की राशि दोगुनी किया जाना प्रस्तावित किया गया है। प्रदेश में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए नियमों में संशोधन के लिए मंत्री समिति बनाई गई थी। समिति ने मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996, मध्य प्रदेश खनिज नियम 2006 और मध्य प्रदेश रेत नियम 2019 को निरस्त करके एक ही नियम बनाने की सिफारिश की थी। इसके मद्देनजर खनिज विभाग ने नए नियम प्रस्तावित किए हैं। इसमें प्रविधान किया गया है कि अवैध परिवहन के मामले में जब्त खनिज की रायल्टी का 15 गुना तथा वाहन क्षमता अनुसार पर्यावरण क्षति की राशि अर्थदंड के रूप में अधिरोपित की जाएगी। जुर्माना न चुकाने पर इसे दोगुना करने के साथ वाहन राजसात किया जाएगा। परमिट में दर्ज मात्रा से अधिक का परिवहन पाए जाने पर अधिक मात्रा के खनिज की रायल्टी का 15 गुना और वाहन क्षमता के अनुपातिक रूप में पर्यावरण क्षति दंड के रूप में ली जाएगी। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर यह दोगुनी हो जाएगी पर वाहन राजसात नहीं किया जाएगा। राशि जमा करने पर जब्त वाहन उसके मालिक को दे दिया जाएगा। पुलिस यदि कोई मामला पकड़ती है तो इसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को देनी होगी। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर भू-राजस्व की तरह संपत्ति नीलाम करके वसूली जाएगी।

### अमृत योजना का दूसरा चरण होगा लागू

प्रदेश के सभी 412 नगरीय निकायों में सरकार अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के दूसरे चरण को लागू करेगी। इसमें पाइप लाइन एवं घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय, अमृत शहरों में सीवरेज प्रबंधन तथा उपचारित जल के फिर से उपयोग को प्रोत्साहन, जलीय संरचनाओं और हरित क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।

### ग्वालियर में स्वर्ण रेखा नाले के ऊपर बनेगा फ्लाइओवर



ग्वालियर में ट्रिपल आइटीएम कालेज से महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक स्वर्ण रेखा नाले के ऊपर फोरलेन फ्लाई ओवर बनाया जाएगा। लगभग साढे छह किलोमीटर लंबे 446 करोड रुपये की लागत वाले इस फ्लाई ओवर के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा चुका है। प्रशासकीय स्वीकृति के साथ आगामी कार्रवाई के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत करना प्रस्तावित है। भोपाल और सीहोर में औद्योगिक केंद्रों की स्थापनाप्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने और उन्हें सुविधा मुहैया कराने केलिए दो नए औद्योगिक केंद्र विकसित किए जाएंगे। यह भोपाल के बगरौदा गोकलाकुंडी और सीहोर के बडियाखेडी में होंगे। यहां निवेशकों को विकसित भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। ये दोनों औद्योगिक केंद्र नर्मदा एक्सप्रेस वे का हिस्सा होंगे।

### 50 बिस्तर क्षमता का बनेगा पुलिस अस्पताल

भोपाल में 23वीं एवं 25वीं वाहिनी परिसर में 50 बिस्तर का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल बनाया जाएगा। इसमें मध्य प्रदेश पुलिस के सभी स्वास्थ्य केंद्रों से स्थानांतरित किए जाने वाले पुलिसकर्मियों का इलाज किया जाएगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने की थी।

# पवित्र नदी को मैला कर रहे व्यवसाई

**अनूपपुर** ।नर्मदा जयंती पर अब प्रतिवर्ष भव्य आयोजन होने लगे हैं। अमरकंटक में भी विभाग ने कार्यक्रम रचे हैं। हर गली चौराहे नमामि देवि नर्मदे ..के पोस्टरों, होर्डिंग्स से पटे थे।

आदि शंकराचार्य विरचित नर्मदाष्टक की पंक्ति..त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवि नर्मदे ..अब सरकारी विग्यापनों की अमिट पंच लाईन बन चुकी है। शंकराचार्य अमरकंटक आए थे ऐसा कई ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। मंडन मिश्र जिनकी पत्नी भारती से उनका शास्त्रार्थ हुआ था वे नर्मदा तट के ही वासी थे। कुछ विद्वान मंडला को मंडन मिश्र के साथ जो?ते हैं।

सांख्य योग के प्रवर्तक भगवान कपिल और दुर्गा शप्तशती के रचयिता महर्षि मार्कण्येय भी नर्मदा के आराधक रहे हैं। अमरकंटक के आसपास ही उनके आश्रमों का उल्लेख मिलता है। इस युग के दो महापुरुष कबीर और नानक ने अमरकंटक को ही अपने मिलनस्थल के रूप में चुना। वहीं मिले थे जहां डिंडोरी-बिलासपुर तिराहे के पास, जहां कबीर चौरा है।

अमरकंटक का इतिहास जहां धर्म और अध्यात्म की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है वहीं विग्यान के अध्येता भी यहां आकर प्रकृति के रहस्यों का शोध व अध्ययन करते रहे हैं।

पुस्तकों में वर्णित वह अमरकंटक कहां है. अब यही खोज का विषय है। क्योंकि यहां शीतल, मंद, सुगंध की त्रिविध बयार अब नहीं बहती।

कई वर्षों पूर्व यहां के रेस्ट हाउस के रखवाले खानसामा कूलर एसी का नाम ही नहीं जानते थे। पर अब तो यहां वैसी ही गर्मी होने लगी है जैसे हमारे अपने शहर में। सालों पहले यहां सर्दियों में बर्फवारी हुआ करती थी शिमला की तरह। अब जैसे अनूपपुर की ठंड वैसे ही उसके कस्बे अमरकंटक की।

अब यहां पर्यटन विभाग व निजी व्यवसाइयों के रिसोर्ट, होटल , लॉज तो हैं ही, पांच सितारा आश्रमों की श्रृंखला है जहां भगतों के लिए हैसियत मुताबिक एसी, देसी सभी तरह के सुईट हैं।

तीन दशक पहले तक अमरकंटक में साल के ऐसे घने जंगल थे कि सूरज की किरणें आर-पार नहीं जा सकती थीं। अब साल के वृक्षों का दायरा सिकु?ता जा रहा है। आश्रम जंगलों में घुस रहे हैं। अमरकंटक अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता रहा है। पर उसकी सीमा में घुसते ही यूकेलिप्टस और पाईन के बदसूरत वन हैं। जमीन से सफेदा उ?ता है।

ये प्राकृतिक तो नहीं, जाहिर है नैसर्गिक वनों को उजा?कर इन्हें रोपा गया होगा। ताकि इसी जिले में स्थित अमलई की कागज फैक्ट्री( ओपीएम) का पेट भरा जा सके। पूर्व में जब यहाँ प्रधानमंत्री मोदी आए थे, और मीडिया ने इस ओर ध्यान आकर्षित किया तब शिवराज जी ने कहा था कि यूकेलिप्टस की जगह नैसर्गिक वन लगाए जाएंगेद्य लेकिन सच्चाई सबके सामने हैद्य



मां नर्मदा के कुण्ड में बने मंदिर आजकल कुछ ज्यादा ही जगमग रहते हैं। आश्रमों को जगमगाने की हो? सी मची है...पर ये क्या..उद्गम कुण्ड से पांच सौ मीटर आगे चलें तो नर्मदा नदी मैली होती सी दिखाई दे रही हैद्य

कबीर चौरा जाने वाली स?क पर बने पुल से पूरब की ओर नजर डाली तो एक समूचा आश्रम ही नदी की धार में दिखाई पड़ता है। बाद में पता चला कि यह बोर्डिंग स्कूल है,यहां छात्र रहते और प?ते हैं। आश्रम के महंत जी ऊँची पहुंच वाले हैं। किसी की भी सरकार रहे उसे महंतजी के भगत ही चलाते हैं।

जाहिर है निस्तार भी यहीं करते होंगे। या तो शौचालय का आउटलेट होगा या सोख्ता के जरिये मलजल नर्मदा मैय्या की धार में मिलता होगा। मिलता होगा नहीं.. मिलता है जिसे सभी खुली आँख देख सकते हैं।

ब? मठाधीश जब कब्जा करें तो झुग्गियों का हक बनता है। सो धार और कैचमेंट में भी झुग्गी बस्ती का निर्माण हो गयाद्य

नदी के पानी से लोग शौंच भी कर रहे । अब अमरकंटक में मोक्षार्थियों की हो? सी लगी है। ब? भगत लोग जमीन के टुकडे खोज रहे हैं। आसान तरीका है आश्रम और मंदिर का। एक मंदिर ऐसा भी बनकर लोकार्पित होने को तैय्यार बैठा है जिसके बारे में एक साइनबोर्ड यह दावा करता है कि इसकी मूर्ति व मंदिर अपने आपमें एक विश्वरिकार्ड बनाएगी।दावा है कि साल में दस लाख लोग आया करेंगे इन्हें देखने। पर ये कहां रहेंगे, कहाँ फारिग होंगे इसका समाधान यहां की नगर परिषद पूछने पर भी नहीं बता पा रही है।साधूबाबाओं को सीधे..सीधे जगह नहीं मिली तो ..सबै भूमि गोपाल की..कब्जा कर लो।

वेद पुराणों में प?ते आए कि नर्मदा मैय्या साक्षात् देवी हैं। हैं भी अंतरमन यही कहता है। तो फिर जब मां साक्षात् ही हैं तो मठ मंदिरों, आश्रमों की क्या जरूरत। मां नर्मदा को प्रवाह के लिए हिमालय के बर्फ की जरूरत कहां..। वे मैकलसुता हैं। इन्ही की कोख से जन्मी हैं। गर्भ से ही जल लेती हैं और ज?ी बूटियों से अभिषिक्त करके अमृततुल्य बना देती हैं। अमरकंटक की समूची बस्ती उद्गम की परिधि में बसी है। यहां का मल जल या तो सीधे प्रवाह में जाता है या फिर धरती में जज्ब होकर अंदर ही अंदर झिरन से जु? जाता है। जरूरी है की समूची अमरकंटक बस्ती को कहीं और बसा दें। मठ और आश्रमों को भी। उद्गम से कम से कम दस किमी की परिधि जीरो कान्सट्रक्शन जोन बनाकर हेरीटेज घोषित कर संरक्षित करें। नमामि देवि नर्मदे सुनने में पवित्र अभियान है, वस्तुतः यह महज एक वोट कबाड़ू पराक्रम है। रेत की खदानें वैसे ही चल रही हैं। माँ का उद्गम स्लम से घिरा है उस पर पंद्रह हजार से ज्यादा की आबादी का बोझ है।

माँ को कारोबारी ठेकेदारों से मुक्त कराएं ही, इन्हें उन धुरंधरों से भी मुक्त कराएं जोकि नर्मदा नदी को मेला कर रहे हैं। यह मुक्ति का अभियान अमरकंटक से ही शुरू होना चाहिए।

# हमारी लड़ाई विचारधारा की, जिसे लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं : विनोद गोटिया

## भाजपा कार्यालय में दो कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्रियों का हुआ भव्य स्वागत

**अनूपपुर । भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अनूपपुर में 8 फरवरी 2022 को प्रदेश के दो दिग्गज कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश पर्यटन विकास विभाग निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया एवं महिला वित्त विकास विभाग निगम के अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के अनूपपुर प्रथम जिला प्रवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम सहित सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया और इसके पश्चात संगठन की बैठक संपन्न हुई ।जिसमें जिले भर के आपेक्षित जिला पदाधिकारी सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं अन्य लोग उपस्थित रहे ,स्वागत समारोह में मंचासीन अतिथि विनोद गोटिया अमिता चपरा अनुपम अनुराग अवस्थी बृजेश गौतम अनिल गुप्ता, आधाराम बैस्य, अखिलेश द्विवेदी ,जितेंद्र सोनी सभी लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।**



### जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत

अनूपपुर जिले के प्रथम प्रवास पर पहुंचे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया एवं महिला वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा का शाल श्रीफल से भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम ने स्वागत करते हुए कहा कि दोनों ही अतिथि भारतीय जनता पार्टी संगठन में लंबे समय से काम करते हुए अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और ऐसे कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सरकार द्वारा दी गई है वह अपने आप में महत्वपूर्ण है इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने बूथ विस्तार योजना को लेकर किए गए कार्यों की संपूर्ण जानकारी अतिथियों के समक्ष रखी

भाजपा के विस्तार हेतु सभी लोग कार्य करें महिला वित्त विकास विभाग निगम के अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने स्वागत समारोह में उपस्थित कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है जिसकी निगाहें हर कार्यकर्ता पर होती हैं और समय पर उसको प्रतिफल मिलता है 40 वर्षों के संघर्ष के बाद पार्टी ने मुझे जिम्मेदारी दी है इस जिम्मेदारी को पूरा करने का मैं प्रयास करूंगी विभाग से संबंधित जो भी कार्य होंगे प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे भाजपा के हर कार्यकर्ता को संगठन के विस्तार के लिए काम करने की आवश्यकता है ,चिंता पार्टी के लोग करते हैं और समय पर संगठन कार्यकर्ता का सम्मान भी करता है क्षणिक लाभ के चक्कर में कई बार कार्यकर्ता पथ से भ्रमित हो जाता है पर हमें ऐसा नहीं करना है हम सभी को संगठन के विस्तार के लिए निरंतर कार्य करना है ।

### अमरकंटक की बदलेगी तस्वीर

मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया ने कहा कि अनूपपुर जिला के पवित्र नगरी अमरकंटक की तस्वीर आने वाले समय में अलग दिखाई देगी उन्होंने बताया कि 50 करोड़ रुपए की लागत से अमरकंटक अमरकंटक में कई कार्य संपादित हो रहे हैं सौंदर्य करण से लेकर विभिन्न कार्य प्रारंभ किए गए हैं आने वाले समय में अमरकंटक का स्वरूप अलग दिखाई देगा उन्होंने कहा उनके माध्यम से अनूपपुर जिले और अमरकंटक के विकास के लिए जो आवश्यकता होगी वह पूरा करेंगे बूथ विस्तार योजना को लेकर उन्होंने बताया कि संगठन का यह महत्वपूर्ण कार्य रहा जिसके आधार पर एक ऐसा डाटा संगठन के पास होगा जिसके आधार पर अगले कई वर्षों तक पार्टी काम कर सकेगी काफी चुनौती भरा कार्य कार्यकर्ताओं को लिए बूथ विस्तार योजना का कार्य रहा लेकिन कार्यकर्ताओं ने कर दिखाया ,देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है और हम जिस विचारधारा को लेकर चल रहे हैं उस विचारधारा के माध्यम से देश के सभी धर्मों को समाहित करते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे, कार्यकर्ता सभी धर्मों का सम्मान करें सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना को लेकर आगे बढ़ना हम सबकी जिम्मेदारी है सरकार हमारे लिए साधन है और उस साधन का उपयोग करते हुए देश और समाज का विकास करना हम सबकी जिम्मेदारी है पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उस पर पहला अधिकार सभी कार्यकर्ताओं का है और जब भी आवश्यकता होगी हमारे सारे दरवाजे खुले हुए हैं भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बूथ विस्तार योजना को लेकर चलाए जा रहे डिजिटल वेरिफिकेशन में बेहतर कार्य करने वाले मंडल पसान के युवा कार्यकर्ता राहुल कुशवाहा को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत 828 लोगों का डाटा कलेक्ट करने एवं बेहतर कार्य करने के लिए भाजपा जिला प्रभारी अनुपम अनुराग अवस्थी के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गयास्वागत समारोह एवं भाजपा की जिला बैठक में श्याम नारायण शुक्ला रश्मि खरे रवि राठौर लक्ष्मीदास चौधरी मोहनी धर्मेंद्र वर्मा प्रभात मिश्रा सतीश तिवारी हनुमान गर्ग ज्ञानेंद्र सिंह राम अवध सिंह चंद्रिका द्विवेदी जिला मंत्री गुड़िया रौतेल ज्योति शर्मा मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी शिवरतन वर्मा पुष्पेंद्र जैन सत्यनारायण सोनी प्रमोद सिंह दिनेश राठौर मुरली गौतम विजय सिंह एवं मंडल महामंत्री तथा अपेक्षित सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे मंच का संचालन जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी के द्वारा किया गया उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई

# बरगवां अमलाई नगर परिषद गठित




**बरगवां अमलाई एवं देव्हारा वासियों ने जताया आभार**

**अमलाई ।**प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि स्थानीय लोगों की माँग पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा 4 नई नगर परिषद का गठन किया गया है। अनूपपुर जिले में नगर परिषद बरगवां (अमलाई), सिंगरौली जिले में सरई और बरगवां तथा सागर जिले में कर्रापुर नगर परिषद का गठन किया गया है। बरगवां अमलाई के नगर परिषद बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा नेता सतीश तिवारी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पर अमल करते हुए प्रदेश शासन ने बरगवां अमलाई एवं देव्हारा को मिलाकर बरगवां नगर परिषद का गठन किया हैद्य बहुप्रतीक्षित मांग के पूर्ण होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा और इसके लिए बरगवां अमलाई एवं देव्हारा की जनता प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल सिंह एवं जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश गौतम के प्रति आभार व्यक्त किया हैद्य आभार व्यक्त करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता राम नारायण उरमलिया, आनंद तिवारी, नर्मदा प्रसाद तिवारी, राकेश तिवारी गुड्डु, डॉक्टर राज पांडे ,सुमित सिंह , गणेश पयासी, अभय तिवारी, यदुराज पनिका, राजीव तिवारी ,राजीव रावत, अजय दहिया, अरविंद साहनी, संदीप पुरी ,पवन कुमार चीनी संतोष टंडन, नीरज गुप्ता आशा टावरी, तारा तिवारी सुमेर केसरवानी ,ओम प्रकाश दहिया किशोर कहार तरनजीत सिंह छाबड़ा, रविंद्र गुप्ता, अभिषेक गुप्ता ,राजेश मिश्रा सुभाष मिश्रा, विवेक पांडे ,बृजेंद्र मिश्रा संदीप मिश्रा, विश्वनाथ कहार प्रताप धमेजा, अरुण विश्वकर्मा, आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# खिलाड़ियों में अनुशासन जरूरी- मनीषा

### हार और जीत सिक्के के दो पहलू- इंद्रजीत

**अमलाई।** सुभाष फुटबाल टूर्नामेंट क्लब के तत्वाधान में कोयलांचल में संभाग स्तरीय फुटवाल टूनामेंट में फाइनल भारत स्पोटिंग धनपुरी व भालुमाढा के बीच खेला गयाद्य समापन समारोह में मुख्यातिथि जैतपुर की विधायक मनीषा सिंह उपस्थित रही विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहेद्य समापन समारोह के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा पूरा मैदान दर्शकों से खचा खच भरा हुआ था बहुत साल के बाद स्टेडियम में ऐसा भव्य आयोजन होने से खेल प्रेमियों में उत्साह की भरमार नजर आ रही थी मुख्यातिथि श्रीमती सिंह नने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा की ऐसे आयोजन होने से खिलाड़ियों के साथ खेलप्रेमियों का भी हौशला बढ़ता है और आज हमारी नई पीढ़ी खेल से दूर होते जा रहे है निश्चित तौर पर खेल के प्रति उत्सुकता और खेल भावना बढ़ेगी अंतमें उन्होंने दोनो टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा अनुशासित रहना चाहिएद्य अनुशासित खिलाड़ी एक अच्छा खिलाड़ी बन सकता हैद्य विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि हार और जीत सिक्के के दो पहलू की तरह है अतः हारी हुई टीम को कभी निराश नहीं होना चाहिए और कड़ी मेहनत करते हुए जीत के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिएद्य समापन समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सोनी मंडल उपाध्यक्ष सचिन दाहिया वरिष्ट शिक्षक मैथिली शरण गुप्त पार्षद श्रीमती शशिकला व आयोजन समिति की श्रीमती धीरूसिंह परिहार सरिता शर्मा गोरेलाल पनिका अरविंद सिंह आदि मंचासीन रहेद्य इस अवसर पर देवेंद्र दाहिया जिवेश मिश्रा योगराज वर्मा बिट्टू कचेर रवि कुशवाहा चिंटू खान प्रदीप द्विवेदी दीपक चौरसिया दीपाली कोल प्रीति उपाध्याय पूजा रावत नेहा रावत डाक्टर शेरा खान विनोद कपूर उमेश सोनकर प्रकाश चौधरी मकसूद ऋषि गुप्ता संजय शुक्ला कल्लू गणेश हाथगेन ओम सिंह परिहार कपिल जोशी सूरज पाल विमला वर्मा रेखा द्विवेदी पिंटू पाल प्रकाश सिंह सनी पाल क्रिश झरिया सुधांशु यादव तरुण सिंह परिहार अभय सोनकर जय वर्मा मनीष कुर्रे अंशु यादव सुमित चौहान राहुल मांझी निर्भय सोनकर विक्रम परिहार विनोद पटेल रंजीत ऋषि कुमार पुनीत कुमार पनिका रंजीव दुबे प्रदीप चक्रधारी श्रद्धा द्विवेदी आस्था द्विवेदी खुशबू रजक देववती अमृता उपाध्याय सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे मैच का सफल संचालन विनोद कपूर के साथ योगराज वर्मा द्वारा किया गया।



# माता गुजरी महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट





**जबलपुर**-/माता गुजरी महिला महाविद्यालय वाणिज्य विभाग द्वारा तीन दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ई अकाउंटिंग एंड टैली का शुभारंभ किया गया एवं सर्टिफिकेट कोर्स टैली के सर्टिफिकेट्स का वितरण उप प्राचार्या डॉ संगीता झाम द्वारा किया गया इस अवसर पर कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ.अरुणा पाठक द्वारा टैली ईआरपी 9 विथ जीएसटी एवं टैली प्राइम के बारे में जानकारी दी गई एवं आधुनिक संचार क्रांति के युग में कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग की व्यवसायिक एवं दैनिक उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई जिसमें 150 छात्राएं उपस्थित थी इस अवसर पर डॉ.रानू सिंह,डॉ.मोनिका धगट, डॉ पुष्पा रमेश विभागाध्यक्ष वाणिज्य,डॉ.मीता श्रीवास्तव,डॉ जयश्री जैन, डॉ महेंद्र जैन, डॉ श्रुति पुंज डॉ स्मृति खुरासिया, डॉ. रिचा राय, डॉ.सपना.शर्मा,डॉ मंजूषा रावत,खुशबू ठाकुर लिपि अरोरा, हर्षिता चौरसिया सहित कॉमर्स के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन डॉ संगीता तोमर द्वार किया गया।

### आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव में 26 प्रशिक्षणार्थी चयनित

जबलपुर। जिला प्रशासन एवं कौशल विकास संचालनालय से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में संकल्प योजना के अंतर्गत शासकीय आईटीआई में आज मंगलवार को एक दिवसीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें सुजुकी मोटर्स के द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को हंसालपुर प्लांट (गुजरात) में रोजगार हेतु लिखित एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया।

# अब तक 77 हजार 185 सहयोगियों ने कराया एडाप्ट एन आँगनवाड़ी अभियान में पंजीयन

जबलपुर। प्रदेश में बच्चों के पोषण आहार के व्यवस्थित वितरण और कुपोषण को दूर करने के लिए आँगनवाड़ी केन्द्रों को च्एडाप्ट एन आँगनवाड़ीज अभियान के तहत गोद लिया जा रहा है। अब तक लगभग 77 हजार 185 सहयोगियों द्वारा पंजीयन कराया गया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा 63 हजार 344 सहयोगियों से संपर्क कर संबंधित आँगनवाड़ी केन्द्र में आवश्यक सहयोग के लिए सहमति प्राप्त कर ली गई है।

अभियान में इंदौर संभाग में 10 हजार 895 सहयोगियों ने आँगनवाड़ी केन्द्र की जिम्मेदारी के लिए पंजीयन कराया है। इसमें 9 हजार 837 सहयोगियों को विभाग द्वारा सहमति प्रदान की गई है। रीवा संभाग में 8 हजार 932 सहयोगियों ने पंजीयन कराया, जिसमें 6 हजार 442 की सहमति प्रदान की।

जबलपुर संभाग में अब तक 14 हजार 313 सहयोगियों ने पंजीयन कराया है। इसमें 13 हजार 13 को सहमति मिली है। सागर संभाग में 7 हजार 563 के पंजीयन के विरूद्ध 6 हजार 75 सहयोगियों को विभाग द्वारा सहमति दी गई है। होशांगाबाद संभाग में 4 हजार 485 ने पंजीयन कराया तथा तीन हजार 998 सहयोगियों से सहमति मिली है। उज्जैन संभाग में आँगनवा?ी को गोद लेने के लिए अब तक 8 हजार 966 सहयोगियों ने अपना पंजीयन कराया है। महिला-बाल विकास विभाग द्वारा इसमें से 6 हजार 989 को सहमति प्रदान की है।

भोपाल संभाग में लगभग 7 हजार 746 सहयोगियों ने केन्द्र की जिम्मेदारी लेने के लिए पंजीयन करवाया है। विभाग द्वारा 6 हजार 248 को सहमति प्रदान की गई है। चम्बल संभाग में 3 हजार 877 पंजीयन के विरूद्ध 2 हजार 965 को सहमति दी गयी, ग्वालियर संभाग में 4 हजार 867 पंजीयन हुए। इसमें तीन हजार 865 सहयोगियों को सहमति मिली है तथा शहडोल संभाग में 2 हजार 266 सहयोगियों ने आँगनवा?ी गोद लेने के लिए पंजीयन करवाया है। विभाग द्वारा 2008 को सहमति प्रदान की गई है।

# इंटर कॉलेज डिवीजन लेवल शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित





**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग के तत्वावधान में एवं शूटिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एसोसिएशन ऑफ जबलपुर के सहयोग से गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर में इंटर कॉलेज डिवीजन लेवल शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में जबलपुर के विभिन्न महाविद्यालयों से 20 से अधिक राइफल एवं पिस्टल शूटर्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समय डॉ. बृजेश सिंह रजिस्ट्रार रादुविवि , डॉ. विशाल बन्ने डायरेक्टर एवं एचओडी शारीरिक शिक्षण विभाग , श्री रोहित कौशल फाइनेंस कंट्रोलर रादुविवि , श्री कन्हैया राठौर फुटबाल कोच रादुविवि , डॉ. ज्योति जाट स्पोर्ट्स ऑफिसर मानकुंवर बाई कॉलेज एवं डॉ. मोहिनी बावसार , स्पोर्ट्स ऑफिसर माता गुजरी कॉलेज उपस्थित थे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी दिल्ली में होने वाली अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।


प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं

**एयर पिस्टल में** = स्वर्ण - वासु किरार , संत अलॉयसियस कॉलेज , रजत - निशांत बावरिया, संत अलॉयसियस कॉलेज, कांस्य - यशजीत मेहरोलिआ , जी. इस कॉलेज। एयर पिस्टल वीमेन = स्वर्ण - सौम्या साहू , होम साइंस कॉलेज , रजत - यशिका एडेलीन डेनियल , माता गुजरी महिला महाविद्यालय , कांस्य - खुशी सोनी , मानकुंवर बाई कॉलेज। पीप साइट राइफल मेन = स्वर्ण - शक्ति चक्रवर्ती ,जी. इस कॉलेज, रजत- अर्णव शुक्ला , रादुविवि, कॉंस्य - पियूष राज ,संत अलॉयसियस कॉलेज।पीप साइट राइफल वीमेन = स्वर्ण - श्रेया अग्रवाल ,मानकुंवर बाई कॉलेज, रजत - ऐश्वर्या सैनी , मदर टेरेसा लॉ कॉलेज, कॉंस्य - रीतिका जैन, संत अलॉयसियस कॉलेज।

मां नर्मदा जन्मोत्सव एव निर्झरणी महोत्सव



स्वागत-वंदन-अभिनंदन



श्री अनंत विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी

श्री रामराजे श्रराचार्य (माऊली सरकार) जी फलाहारी पीठ अमरकंटक, श्री रुकमणी पीठ कॉडण्यनपुर (महाराष्ट्र)

# मौनी रॉय ने फैन्स को दिखाया अपने हनीमून का नजारा



## गुलमर्ग के पहाड़ों पर किया ओम का जाप

मौनी रॉय गोवा में सूरज नाम्बियार के साथ शादी करने के बाद हनीमून के लिए कश्मीर पहुंच गई हैं। वहां से उन्होंने कई खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। मौनी ने येलो जैकेट में नई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इनमें उनकी मांग पर सिंदूर काफी जंच रहा है। मौनी रॉय को कश्मीर काफी पसंद आया है। उन्होंने एक कैप्शन में लिखा भी है कि कितनी भी तस्वीरें शेयर कर लें इस जगह की सुंदरता के साथ फिर भी न्याय नहीं हो पाएगा। मौनी ने वीडियो भी शेयर किया है, जिसके साथ %ये हसीं वादियां% गाना बज रहा है।

## गुलमर्ग के स्नोफॉल में खो गई मौनी

मौनी रॉय की शादी के बाद उनके हनीमून की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। मौनी अपने पति सूरज के साथ कश्मीर गई हैं। उन्होंने गुलमर्ग का स्नोफॉल अपने फैन्स को दिखाया है। मौनी रॉय काफी प्रिटी दिख रही हैं। उनकी मांग में सिंदूर न्यू ब्राइड वाला लुक दे रहा है। मौनी रॉय को बीचेज काफी पसंद हैं लेकिन हनीमून के लिए वह कश्मीर गई हैं।

## पहाड़ों पर किया ओम का जाप

एक तस्वीर में मौनी आंखें बंद किए बैठी हैं। शायद ओम का जाप कर रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है पहाड़ की चोटी पर ओम कर रही हूं। मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार की शादी 27 जनवरी को हुई थी। उनकी शादी दीपिका-रणवीर की तरह दो रस्मों से हुई है। पहले मलयाली फिर बंगाली स्टाइल में दोनों ने शादी की थी। मौनी और सूरज की जान-पहचान 2019 न्यू इयर पार्टी में हुई थी। दोनों ने अपने प्यार को लंबे वक्त तक छिपाकर रखा।

# बेस्ट डॉक्यूमेंट्री के लिए नॉमिनेट हुई भारत की राइटिंग विद फायर, दौड़ में शामिल हुई ये फिल्में

94वें ऑस्कर अवॉर्ड्स के अंतिम नॉमिनेशन की लिस्ट सामने आ चुकी है। इस लिस्ट में भारत की डॉक्यूमेंट्री %राइटिंग विद फायर% ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवा ली है। बता दें कि बीते मंगलवार की शाम ही अकैडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सोशल मीडिया अकाउंट पर इस नॉमिनेशंस की घोषणा की गई है। फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो के नॉमिनेशन का बेसब्री से इंतजार रहता है। ऑस्कर को सिर्फ एक अवॉर्ड नहीं बल्कि इसे कला की दुनिया में सबसे बड़े सम्मान के रूप में देखा जाता है। ऐसे में भारत की डॉक्यूमेंट्री का नॉमिनेशन में सेलेक्ट होना गर्व की बात है।

## कुछ ऐसी है राइटिंग विद फायर की कहानी

ऑस्कर्स 2022 के लिए नॉमिनेट हुई भारत की डॉक्यूमेंट्री %राइटिंग विद फायर% पत्रकारिता पर आधारित है। इस डॉक्यूमेंट्री को सुष्मित घोष और रिंटू थॉमस ने डायरेक्ट किया है। %राइटिंग विद फायर% में दिखाया गया है कि दलित महिलाओं की मदद से निकाले जाने वाले अखबार खबर लहरिया की शुरुआत कैसे हुई थी? डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया है कि दलित महिलाओं ने इस अखबार को डिजिटल माध्यम में लाने के लिए किन-किन मुश्किलों का सामना किया था। खास बात यह है कि इस डॉक्यूमेंट्री को अभी तक इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर 20 से भी ज्यादा अवॉर्ड मिल चुके हैं। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि इस बार ऑस्कर अवॉर्ड भारत जरूर आएगा।

## इस दिन होगा आयोजन

बता दें कि %राइटिंग विद फायर% के अलावा %एटिका%, %फ्ली एंड समर ऑफ द सोल% और %एसिनेशन% जैसी फिल्मों को भी इस नॉमिनेशन लिस्ट में जगह मिली है। इसके अलावा %द वेस्ट साइड स्टोरी%, %द पावर ऑफ द डॉग% और %बेलफास्ट% जैसी और भी कई तमाम फिल्मों ने अलग-अलग कैटिगरी के नॉमिनेशन में अपनी जगह बना ली है। ऑस्कर अवॉर्ड्स 2022 को लॉस ऐंजलिस के डॉल्बी थिएटर में 27 मार्च को आयोजित किया जाना है। बात की जाए %राइटिंग विद फायर% की तो नॉमिनेशन लिस्ट में इसकी एंट्री होते ही सुष्मित घोष सातवें आसमान पर जा पहुंचे हैं। उनका कहना है कि यह उनके लिए भारतीय सिनेमा के लिए बहुत बड़ा क्षण है और उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है।

# गहराइयां को प्रमोट कर रही दीपिका पादुकोण की ड्रेस देखकर भड़के लोग, कह दिया थर्ड क्लास...

**गहराइयां को प्रमोट कर रही बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को अपनी नई ड्रेस के चलते ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा है। इन दिनों दीपिका पादुकोण बाकी स्टारकास्ट के साथ फिल्म गहराइयां के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। बीते मंगलवार को ही दीपिका पादुकोण एक बार फिर से गहराइयां को प्रमोट करने निकली ही थी कि अब सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी ड्रेस की ही चर्चा हो रही है। दरअसल इस फिल्म के प्रमोशन के लिए दीपिका पादुकोण ने स्विम सूट की डिजाइन वाला बॉडी सूट और डेनिम जॉगर्स पहना हुआ था। एक्ट्रेस का ये नया स्टाइल कई लोगों को नागवार गुजर रहा है।**



## दीपिका को बताया थर्ड क्लास

बता दें कि सोशल मीडिया पर लोग दीपिका पादुकोण को बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वक्त के साथ-साथ दीपिका पादुकोण का ड्रेसिंग सेंस बिगड़ता ही जा रहा है। एक यूजर ने तो उन्हें थर्ड क्लास तक कह दिया है। एक और यूजर ने कॉमेंट किया है, %ये दीपिका को बिकिनी जैसी ड्रेस किसने दे दी है?% तो वहीं एक शख्स ने तो सेलेब्स के बिगड़ते स्टाइल को लेकर तंज कसा है। इस शख्स ने लिखा है, %समझ नहीं आता है कि इन दिनों सेलेब्स की ड्रेसिंग सेंस को क्या हो गया है?% दीपिका पादुकोण की इस ड्रेस पर एक और कॉमेंट आया है जिसे देखकर उर्फी जावेद भी चौंक जाएंगी। एक शख्स ने लिखा है, %दीपिका ने अब उर्फी से दोस्ती कर ली है क्या?%

## निशाने पर रहते हैं रणवीर

ड्रेसिंग सेंस के मामले में तो दीपिका पादुकोण के पति रणवीर सिंह हमेशा ट्रोल्स के निशाने पर रहते हैं। रणवीर सिंह के अतरंगी स्टाइल को देखकर लोग खूब मीम्स भी बनाते हैं। रणवीर सिंह के चलते ही कई दफा लोग दीपिका पादुकोण को भी लोग लपेटे में ले लेते हैं लेकिन अब लम्बे समय बाद अपनी ही ड्रेस के चलते दीपिका पादुकोण ट्रोल हो गई हैं।

## इस दिन रिलीज होगी गहराइयां

बात करें फिल्म गहराइयां की तो इसे शकुन बत्रा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में दीपिका पादुकोण के अलावा सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे ने अहम रोल प्ले किया है। एक्टर धैर्य करवा ने भी दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अहम रोल निभाया है। 11 फरवरी 2022 को गहराइयां को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।



# मुर्गियों और बकरियों के बीच घिरे अक्षय कुमार

मुंबई। अक्षय कुमार ने अपना एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इसमें वे बकरियों और मुर्गियों को खाना खिलाते नजर आए। इस वीडियो में अक्षय इन जानवरों को घास खिलाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए इसके साथ एक कैप्शन भी लिखा है, जिसे भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। अपने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए वे इसके कैप्शन में लिखते हैं, 'छोटी छोटी चीजों में बड़ी बड़ी ख़ुशियां मिल रही हैं और हम उस ऑलमाइटी से क्या मांग सकते हैं? भगवान आपका हर उस दिन के लिए धन्यवाद, जिसे हम नेचर के बीच बिता पाते हैं'।

## लाइफ Style



# दीपिका

## फाइटर में ऋतिक के संग आएंगी नजर

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी सुर्खियों में है। उन्होंने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म फाइटर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वो हमेशा से ही ऋतिक के साथ काम करना चाहती थी और वो इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिपोर्ट के अनुसार, जब उनसे ऋतिक के साथ काम करने के बारे पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा से ऋतिक के साथ काम करना चाहती थी। लेकिन कभी-कभी ये किसी के साथ काम करने के बारे में नहीं होता है, मुझे लगता है कि किसी के साथ काम करने के लिए बहुत सी चीजें मैटर करती हैं। इसमें सही स्क्रिप्ट होनी चाहिए, ये सही निर्देशक होना चाहिए। जो हमारा साथ काम करना तय करती है, हां तो मुझे लगता है कि ये हमारे लिए एक साथ काम करने का सही वक्त है।'

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी फिल्म है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन, अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण नजर आने वाली हैं। इस एक्शन ड्रामा फिल्म के जरिए दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन पहली बार एक-दूसरे के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाले हैं। ऋतिक रोशन की ये फिल्म इस साल 30 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। बता दें कि ऋतिक रोशन इस फिल्म से लगभग 3 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी को तैयार हैं। उन्हें आखिरी बार साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म वॉर में देखा गया था।

## हॉलीवुड मसाला




# जस्टिन ने बेचा आलीशान घर

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर जस्टिन टिंबरलेक और उनकी पत्नी जेसिका बेल ने अपना न्यूयॉर्क वाला आलीशान पेंटहाउस बेच दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जस्टिन टिंबरलेक ने इस 4 बेडरूम वाले ट्रिबेका पेंटहाउस को 5 साल पहले खरीदा था। उस वक्त इसकी कीमत 20.2 मिलियन डॉलर यानी करीब 150 करोड़ रुपए थी। 5,375 वर्ग फीट में फैले इस पेंटहाउस में जस्टिन और उनकी पत्नी जेसिका के अलावा दो बच्चे रहते थे। जस्टिन टिंबरलेक ने अपने इस आलीशान पेंटहाउस को 29 मिलियन डॉलर यानी करीब 215 करोड़ रुपए में बेचा है।




# डायरेक्टर रेजिना किंग के बेटे ने की आत्महत्या

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। पता चला है कि हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर रेजिना किंग के इकलौते बेटे इयान एलेक्जेंडर ने आत्महत्या कर ली है। वहीं इस खबर के बाद से पूरे हॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई है। रेजिना किंग ने इस दर्दनाक घटना की पुष्टि की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने एक चमकते रोशनी के जैसे था जो दूसरों की खुशियों की परवाह करता था और वो अब इस दुनिया से जा चुका है। दरअसल बुधवार को इयान एलेक्जेंडर ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया था,जिसके वजह से ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि उनके निधन के पीछे कुछ मानसिक तनाव है।



# सारा अली ने इंदौर में पूरी की शूटिंग

मुंबई। सारा अली खान अभिनीत अनाम फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अभिनेता शारिब हाशमी ने यह जानकारी दी। 'लुका छुपी' और 'मिमी' से प्रसिद्ध हुए लक्ष्मण उतेकर की ओर से निर्देशित फिल्म के निर्माण में दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने सहयोग दिया है। फिल्म की शूटिंग दिसंबर में इंदौर में शुरू हुई थी। हाशमी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कलाकारों और निर्माण से जुड़े लोगों के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं और फिल्म की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की। हाशमी ने 'अतरंगी रे' की अभिनेत्री के बारे में कहा कि वह ''स्टार'' की तरह व्यवहार नहीं करती । उन्होंने कहा, ''इस फिल्म की पूरी टीम और इस यात्रा को इतना आसान और यादगार बनाने के लिए सभी का धन्यवाद। उन्होंने लिखा, 'इस खूबसूरत (अनाम) फिल्म के सेट पर खूबसूरत यादें बनीं।



# 'तड़प' ओटीटी पर होगी रिलीज...

मुंबई। अहान शेट्टी की फिल्म तड़प 3 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब रोमांटिक एक्शन थ्रिलर का प्रीमियर 28 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। फिल्म तड़प ओटीटी पर रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म की बात करें तो ये 2018 की तेलुगु हिट फिल्म, आरएक्स 100 की हिंदी रीमेक थी। तड़प की ओटीटी रिलीज की घोषणा करते हुए, अहान शेट्टी ने लिखा, तड़प की स्ट्रीमिंग डिज्नी + हॉटस्टार पर 28 जनवरी से!। इसके बाद से अहान के फैंस इस दिन का इंतजार कर रहे हैं। आज से एक सप्ताह के बाद फिल्म हर घर में मौजूद होगी। फिल्म तड़प में अहान के स्टाइल और अभिनय को लोगों का प्यार मिला था। अहान शेट्टी काफी जल्दी दूसरे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनेंगे।



# कलेक्टर ने जब पूछा बताओ तो कॉंप्लेक्स में क्या-क्या खेल सुविधाएं हैं

## राइट टाउन स्टेडियम पहुंचे कलेक्टर इलैया राजा

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी ने आज बुधवार सुबह पंडित रविशंकर स्टेडियम में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बनाये जा रहे मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया । इस मौके पर मौजूद अधिकारियों से उन्होंने मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाओं की जानकारी ली तथा शेष कायोज़ं को शीघ्र पूरा करने के निदेज़्श दिये । कलेक्टर ने मल्टी स्पोट्सज़ कॉम्प्लेक्स के दूसरे चरण के निमाज़्ण कायज़ को भी जल्दी प्रारम्भ किये पर जोर दिया । डॉ. इलैयाराजा ने मानस भवन और एमएलबी स्कूल के आसपास स्माटज़ रोड में पाइप लाइन एवं बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने चल रहे कार्य का जायजा भी लिया । इस दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, सीईओ स्मार्ट सिटी निधि सिंह राजपूत, कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह भी मौजूद थे ।

# चक्रवात करा रहा बेमौसम बारिश, लौटेगी ठंड



जबलपुर, । जबलपुर सहित महाकोशल के अधिकांश जिलों में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। जबलपुर में रुक रुक कर बारिश हो रही है। सुबह-सुबह बारिश के बाद हल्की धूप खिली फिर तेज बौछारें पड़ने लगीं। पश्चिमी राजस्थान में अभी प्रेरित ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इसके असर से बारिश हो रही है। कई दिनों से जबलपुर में दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा था, लेकिन बुधवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली तो बारिश हो रही थी। सुबह लगभग 7.30 बजे शहर के सभी इलाकों में 20 से 30 मिनट तक तेज बारिश हुई। इसके बाद भी रुक-रुककर बारिश हो रही है। समाचार लिखे जाने तक 1.4 मिलीमीटर बारिश हुई और धूप खिल गई।मौसम विभाग के मुताबिक इस बारिश से दिन के तापमान में कमी आएगी। पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज सर्द-गरम हो चला था। दिन में हल्की गर्मी तो रात में सर्दी का अहसास हो रहा है। फिजाओं में घुली रात की ठंडक का असर हर सुबह होता रहा। लेकिन धूप निकलने के बाद ठंड का असर कम होता चला गया। बीते दिनों सुबह 10 बजे के बाद ही धूप की तपिश चुभने लगती थी। वहीं रात में अब भी ठंडक महसूस की जा रही है।

# आरपीएफ की महिला आरक्षक ने रेलवे क्वॉटर में लगा ली फांसी

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल थाना अंतर्गत रेलवे क्वॉटर में महिला आरक्षक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। जिसके बाद आनन-फानन में महिला आरक्षक को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां मंगलवार की दरमियानी रात महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर,



मामला जांच में लिया है। वहीं इस घटना के बाद पूरे विभाग में हड़कंप की स्थिति है। मदनमहल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएफ में पदस्थ आरक्षक गुड़िया यादव उम्र 24 वर्ष, पिता राधेश्याम यादव, निवासी रेलवे कॉलोनी मदनमहल, ने गत दिवस अपने क्वॉटर में पंखे में फंदा बनाकर फांसी में झूल गयी। मौके पर पहुंचे अमले ने तत्काल महिला को पंखे से नीचे उतारकर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### परिजनों को दी सूचना

महिला आरक्षक की खबर आग की तरह फैली, जिसके बाद पूरे विभाग में हड़कंप मच गया। हर कोई इस घटना

### अस्पताल में मौत

से हैरान है, अभी तक हुई प्रारंभिक जांच में कोई भी तथ्य निकलकर सामने नहीं आए है। घटना की सूचना महिला आरक्षक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार मदनलाल आरपीएफ पोस्ट इस घटना का पता देर रात उस समय लगा जब मृतिका महिला आरक्षक गुड़िया यादव के जीजा के भाई ने रात में फ ोन लगाया और फ ोन पर लगातार घंटी जाने के बावजूद भी उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। सूचना के बाद मौके पर आरपीएफ जीआरपी एवं मदन महल पुलिस पहुंची , जहां देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है । काफी आवाज लगाने के बावजूद भी जब महिला आरक्षक ने कोई जवाब नहीं दिया तो मामला संदिग्ध लगते ही पुलिस द्वारा दरवाजे को तोड़ा गया जहां देखा कि महिला आरक्षक फांसी के फंदे पर झूल रही है।

### मूलतः बिहार की थी निवासी

पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी आरपीएफ,जीआरपी, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई है और स्टॉप के लोगों से इस घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर घटना को विवेचना में लिया है । मृतिका महिला आरक्षक मूलतः बिहार की रहने वाली है । घटना के बाद से महकमे में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है बहरहाल पुलिस द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच करने में लगी हुई है।

# आमजन समस्याओं के लिए अधिकारियों की क्लास लगाई कलेक्टर ने



**जबलपुर , यश भारत। कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी ने आज बुधवार को समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को आम जनता से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा संवेदनशीलता बरतने तथा लोगों की समस्याओं और शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिये हैं ।उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर और जबाबदेह प्रशासन देना उनकी हमेशा प्राथमिकता रही है और यहां भी वो चाहेंगे कि सभी अधिकारी इस दिशा में प्रो एक्टिव होकर काम करें।**

### टीएल बैठक

कलेक्टर ने बैठक में साफ किया की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को अनिवार्य तौर पर मौजूद रहना होगा, प्रतिनिधि के रूप में कनिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति स्वीकार नहीं होगी । उन्होंने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में पिछले माह जबलपुर जिले को प्रदेश में दूसरा स्थान मिलने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी तथा इस रैंक को और बेहतर करने की अपेक्षा जताई । उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनसुनवाई में भी ज्यादा ध्यान देना होगा और लोगों से प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करनी होगी । कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों एवं शासन से प्राप्त पत्रों का भी जबाब भी समय पर दिये जाने चाहिये । डॉ इलैयाराजा ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश देते हुये अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों को समय पर सेवाएं प्रदान करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है । उन्होंने आम जनता को बेहतर प्रशासन देने एक टीम के रूप में काम करने की अपेक्षा व्यक्त करते हुये अधिकारियों से कहा कि व्यवस्था को ज्यादा जनोन्मुखी बनाने की दिशा के लिये नवाचारों को भी अपनायें । कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी आम नागरिकों के लिये हमेशा उपलब्ध रहें तथा अपने क्षेत्र की समस्याओं का प्रो एक्टिव होकर निराकरण करें । उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील, पारदर्शिता, ईमानदारी और गम्भीरता बरतने वाले अधिकारियों को हमेशा उनका समर्थन रहेगा । कलेक्टर ने सभी एसडीएम से भी कहा कि उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में काम करने की पूरी स्वतंत्रता होगी । विभागीय कामकाज और जनता से जु? मुद्दों एवं समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर कोई भी अधिकारी उनसे किसी भी समय सीधे मोबाइल फोन पर सम्पर्क कर सकता है । उन्होंने अधिकारियों को ऑफिस आने वाले आम नागरिकों के साथ विनम्र व्यवहार करने उन्हें बराबर का सम्मान देने तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को धैर्य पूर्वक सुनकर संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश भी दिये । कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करने , अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की नियमित रूप से बैठके लेने तथा कामकाज की समीक्षा के साथ-साथ उनकी कठिनाइयों का भी निराकरण करने के निर्देश दिये । उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्यालय को साफ-सुथरा रखें साथ ही आम नागरिकों के लिये भी बैठने की सम्मानजनक व्यवस्था करें । उन्होंने कार्यालय पहुँचने वाले दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता देने की हिदायत भी अधिकारियों को दी ।

# रोड पर पड़े अधेड़ की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** थाना हनुमानताल अंतर्गत रोड पर पड़े कराह रहे एक भिक्षुक को विक्टोरिया में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि सिंधीकेम्प भानतलैया बकरा मार्केट के पास रोड पर पड़े एक भिक्षुक उम्र करीब 50 साल के व्यक्ति को आटो चालक ने इलाज हेतु भर्ती कराया था । जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है । सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।








स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )